





सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 16 अंक - 110 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 02 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## मुठभेड़ खत्म होने के बाद मारे गए नक्सलियों के शव और हथियार किया बरामद

### मौके से इंसास रायफल, बीजीएल,12 बोर बंदूक बरामद, मुठभेड़ में डीआरजी के दो जवान भी हुए घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज

बीजापुर। जले के गंगालुर थाना क्षेत्र के तोड़का के जंगल मे शनिवार की सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू हुई पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जवानों ने आठ नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं मौके से इंसास रायफल, बीजीएल, 12 बोर बंदूक बरामद की है। इस मुठभेड़ में डीआरजी के दो जवान भी मामूली रूप से घायल हो गए हैं।



पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गंगालुर थाना क्षेत्र के तोड़का व कोरचोली जंगल में प्रतिबंधित माओवादी संगठन अंतर्गत पश्चिम बस्तर डिवीजन के डीवीसीएम दिनेश, पीएलजीए कंपनी नम्बर 2, पीएलजीए प्लाटून व मिलिशिया कंपनी के सशस्त्र माओवादियों कैडर्स की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा व सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान के लिए निकली थी।

अभियान के दौरान शनिवार को डीआरजी व एसटीएफकी संयुक्त पार्टी और माओवादियों के बीच सुबह 8.30 बजे से कई बार मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ थमने के बाद सर्चिंग में 8 पुरुष माओवादियों के शव व इंसास रायफ्ल, 12 बोर रायफल, बीजीएल लांचर सहित बड़ी मात्रा में हथियार व माओवादी सामग्री बरामद की गई है।

मुठभेड़ में डीआरजी के दो जवानों को मामूली चोट पहुंची है। जवानों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। पुलिस मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त की कार्यवाही कर रही है। पुलिस ने संभावना व्यक्त की है कि इस मुठभेड़ में और भी कई नक्सली मारे गये हैं अथवा घायल हुए हैं।

### भाजपा का घोषणा पत्र तैयार, देर रात अंतिम रूप दिया गया

**रायपुर।** भाजपा ने देर रात घोषणा पत्र को अंतिम रूप दिया। पार्टी के नेता उज्जवल दीपक ने बताया कि भाजपा का संकल्प नगरीय निकायों के समग्र विकास के लिए तैयार घोषणा पत्र। 3 फरवरी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव की उपस्थिति में इसे जारी किया जाएगा। जनता से मिले सुझावों को प्राथमिकता देते हुए, यह घोषणा पत्र नगरीय निकायों के समग्र विकास की दिशा तय करेगा।

## खास-खबर

### बालोद में 2 बड़े हादसे, गैस ट्रक के ड्राइवर की मौत, 5 घायल

**बालोद।** जिले में रविवार की शुरुआत हादसों से भरी रही। अलग-अलग सड़क हादसे में 1 की मौत हुई और 6 लोग घायल हो गए। ये हादसे गुरुर थाना क्षेत्र और बालोद थाना क्षेत्र में हुए हैं। गैस सिलेंडर से भरा ट्रक आज सुबह अनियंत्रित होकर नेशनल हाइवे 30 पर पलट गई। हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। वहीं ट्रक की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना गुरुर थाना क्षेत्र के जगतरा गांव की है। जानकारी के मुताबिक, जगदलपुर से ट्रक गैस सिलेंडर लेकर रायपुर की ओर जा रही थी। जगतरा गांव में एक मंदिर के पास मोटरसाइकिल चालक को बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित हो गई। जिसके बाद ट्रक ट्रैक्टर से जा टकराई और नेशनल हाइवे पर पलट गई। इस हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई।

वहीं 1 राहगीर ट्रक की चपेट में आने से घायल हो गया। घायल युवक का पैर फैक्चर हो गया, जिसे हॉस्पिटल भेजा गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जिले में एक और सड़क हादसे में पांच लोग घायल हो गए। बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम पडकीभाट के पास दो बाइक के बीच आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में पांच लोग घायल हुए हैं। तीन की हालात गंभीर बताई जा रही है। घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

### फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**सक्ती ( ए. )।** जिले में प्लांट के राखड़ पाटने के लिए फर्जी दस्तावेज मामले के मास्टरमाइंड भूपेंद्र वैष्णव को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में अबतक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी के खिलाफ पहले भी जिले में कई गंभीर मामले दर्ज होने की बात भी सामने आई है। दरअसल, प्लांट से निकलने वाले राखड को पाटने के लिए प्रबंधन अच्छी रकम दे रहा है। जिसकी लालच में हर कोई राखड़ डंप करने जगह की खोजने में लगे है।


लेकिन आसानी से अनुमति नहीं मिलने के कारण रायगढ़ जिले के खरसिया क्षेत्र के भूपेंद्र किशोर वैष्णव सहित चार लोगों ने कलेक्टर और खनिज अधिकारियों के हस्ताक्षर कर फर्जी दस्तावेज बना डाले। इसकी भनक लगने पर अधिकारियों को लगी तो तत्काल पुलिस में इसकी शिकायत की गई। पुलिस ने मामले में पहले तीन आरोपी राजकुमार, लखन और युवराज को गिरफ्तार कर किया। जिन्होंने पूछताछ में बताया कि भूपेंद्र किशोर वैष्णव ही पूरे मामले का मास्टरमाइंड है। जिसके बाद पुलिस ने आज भूपेंद्र वैष्णव को भी गिरफ्तार कर लिया।

## राजिम कुंभ कल्प 2025: 12 फरवरी से होगा शुरू

### इस साल नए मेला स्थल पर होगा भव्य आयोजन, तैयारियां जोरों पर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजिम कुंभ कल्प छत्तीसगढ़ राज्य के सबसे प्रमुख आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में से एक है, जिसे छत्तीसगढ़ का प्रयागराज भी कहा जाता है। राजिम कुंभ कल्प न केवल धार्मिक श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन को बढ़ावा देने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। इस आयोजन में शाही स्नान, संत समागम, प्रवचन, गंगा आरती और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राजिम कुंभ कल्प 2025 में लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए प्रशासन पूरी तत्परता के साथ तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है, जिससे यह आयोजन ऐतिहासिक और भव्य रूप में संपन्न हो सके।



इस साल नए मेला स्थल पर यह आयोजन किया जाएगा। मेलार्थियों के लिए समुचित सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्माण कार्य तेजी से जारी है। इस लेकर राजिम सर्किट हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे, पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य, गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल सहित धमतरी और रायपुर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के बाद अधिकारियों ने नए मेला स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में संभागायुक्त महादेव कावरे ने राजिम कुंभ कल्प को भव्य और सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ काम करें और पांच फरवरी तक सभी कार्यों को पूरा करें। बैठक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मुख्य मंच, दुकानों, विभागीय स्टॉल, मीना बाजार, फूड जोन और अन्य आवश्यक स्थलों का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाए। इसके अलावा, श्रद्धालुओं के लिए वृहद स्तर पर पार्किंग सुविधा विकसित की जा रही है और हेलीपैड का निर्माण भी किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं और विशिष्ट अतिथियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

बैठक के बाद संभागायुक्त कावरे, पर्यटन बोर्ड के एमडी आचार्य और कलेक्टर अग्रवाल ने नए मेला स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य मंच, वीआईपी पार्किंग, सामान्य पार्किंग, मीना बाजार, फूड जोन, कंट्रोल रूम, श्रद्धालुओं के आवागमन मार्ग और हेलीपैड स्थल का जायजा लिया। इसके अलावा, राजीव लोचन मंदिर, संत समागम स्थल और गंगा आरती स्थल से नए मेला स्थल तक आने वाले मार्ग के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

### कंट्रोल रूम की स्थापना

संभागायुक्त और कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने अधिकारियों को नदी किनारे कनेक्टिंग रोड निर्माण, गंगा आरती स्थल से नए मेला स्थल तक सड़क निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिए। पूरे मेला परिसर में हाईमास्ट लाइटों पर्याप्त संख्या में शौचालय और डस्टबिन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देश दिए गए कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कंट्रोल रूम और सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बस स्टैंड से नए मेला स्थल तक निर्धारित शुल्क पर बस सेवा उपलब्ध कराने, मेला स्थल पर एम्बुलेंस, मेडिकल टीम और स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मेला परिसर में साधुओं के लिए कुटिया, जलाऊ लकड़ी और आवश्यक वस्तुओं की समुचित व्यवस्था, मेला क्षेत्र में पेयजल के लिए पाइपलाइन बिछाई जाए और पर्याप्त संख्या में दाल-भात केंद्र स्थापित किए जाएंगे। सुरक्षा के लिए पुलिस बल, सीसीटीवी निगरानी और अग्निशमन दल तैनात किया जाए।



## गुजरात बड़ा हादसा: श्रद्धालुओं को लेकर जा रही बस खाई में गिरी, पांच लोगों की मौत

**अहमदाबाद ( एजेंसी )।** गुजरात में एक बड़ा हादसा हुआ है। दरअसल श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक बस खाई में गिर गई, जिसमें पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसे में कई लोग घायल हुए हैं। घटना गुजरात के डांग की है। पुलिस ने बताया कि मरने वाले लोग मध्य प्रदेश के निवासी थे। बचाव और राहत कार्य पूरा हो चुका है।

पुलिस ने बताया कि गुजरात के डांग जिले में रविवार सुबह तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक निजी बस के गहरी खाई में गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रभारी पुलिस अधीक्षक एसजी पाटिल ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब 4.15 बजे हुई, जब सापुतारा हिल स्टेशन के पास बस के चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया। उन्होंने बताया कि बस में 48 तीर्थयात्री सवार थे और हादसे में बस क्रैश बैरियर को तोड़ते हुए करीब 35 फीट गहरी खाई में गिर गई।



पुलिस ने बताया कि बस महाराष्ट्र के त्रयंबकेश्वर से श्रद्धालुओं को लेकर गुजरात के द्वारका जा रही थी। पुलिस ने बताया कि बस में श्रद्धालु मध्य प्रदेश के गुना, शिवपुरी और अशोक नगर जिलों के थे। अधिकारी ने बताया कि हादसे में मरने वाले पांच लोगों में से दो महिलाएं और तीन पुरुष हैं। इन पांचों की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को आहवा के एक सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## छत्तीसगढ़ में रात और दिन का पारा सामान्य से ज्यादा, चुभने लगी धूप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश में दिन और रात का पारा सामान्य से ज्यादा होने की वजह से गर्मी का अहसास होने लगा है। प्रदेश में ठंड गायब हो गई है। अब गर्मी परेशान करने लगी है। दिन का तापमान बढ़ने से धूप चुभने लगी है।

मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में क्रमिक रूप से एक से तीन डिग्री तक वृद्धि होगी। इससे आगामी दिनों में लगभग ठंड गायब हो जाएगी। प्रदेश में मौसम साफहै और उत्तरी हवाओं का असर खत्म हो गया है। इसके वजह से न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में फरवरी माह के पहले सप्ताह से ही धूप चुभने लगेगी। दिन के साथ ही रात में भी गर्मी का अहसास होने लगेगा।

बीते दिनों से राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के सभी जिलों में दिन में गर्मी महसूस होने लगी है। रात में भी न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहा। इस वजह से ठंड का अहसास खत्म हो गया है। राजधानी रायपुर में दिन का तापमान 34.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। इसके अलावा अन्य जिलों में भी अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा है। इसके वजह से अब रात में भी ठंड का अहसास कम होने लगी है और गर्मी का अहसास होने लगी है।

प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बिलासपुर में 36 डिग्री दर्ज किया गया है। इसके साथ ही सबसे कम न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री बलरामपुर में रिकॉर्ड किया गया। बीते दिनों की तुलना में प्रदेश में न्यूनतम तापमान और अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। फरवरी माह के पहले सप्ताह ही अच्छी गर्मी पड़ सकती है।

## आधुनिक भारत के ये दधीचि

श्रीकंचनपथ




यूँ तो 'भारतीय इतिहास' में कई दानी हुए हैं, किंतु मानव कल्याण के लिए अपनी अस्थियों का दान करने वाले मात्र महर्षि दधीचि ही थे। देवताओं के मुख से यह जानकर कि मात्र दधीचि की अस्थियों से निर्मित वज्र द्वारा ही असुरों का संहार किया जा सकता है, महर्षि दधीचि ने अपना शरीर त्याग कर अस्थियों का दान कर दिया। कठिन तपस्या से ऋषि दधीचि की अस्थियां अत्यंत कठोर हो चुकी थीं। इनसे निर्मित वर्ज से ही देवताओं के राजा इंद्र ने असुरों का दमन किया। लोक कल्याण के लिए किया गया यह सबसे बड़ा दान था। पौराणिक कथाओं के मुताबिक, महर्षि दधीचि की अस्थियों से वज्र के साथ ही तीन धनुष बनाए गए थे। इन धनुषों के नाम थे- गांडीव, पिनाक, और सारंग। वज्र से इंद्र ने वृत्रासुर जैसे राक्षसों का दमन किया। इसके बाद इंद्र ने वज्र कर्ण को दिया था। पिनाक धनुष भगवान शिव के पास था, जिसे रावण ने ले लिया था। सारंग धनुष विष्णु भगवान के पास था, जो बाद में राम के पास गया और फिर श्रीकृष्ण के पास आ गया था। गांडीव धनुष अग्निदेव के पास था, जिसे अर्जुन ने ले लिया था। आधुनिक काल में अंगदान कुछ अलग कारणों से किया जाता है। ऋषि दधीचि की अस्थियां जहां संहार के लिए काम आईं वहीं आज किया जाने वाला अंगदान किसी को जीवन देने के लिए किया जाता है। अंगदान की घोषणा और समय आने पर अंगदान का निर्णय लेने के बीच मन में भारी उथल पुथल मचती है। जो लोग इस उथल पुथल को सकारात्मक दिशा में ले जा पाते हैं, मानवता के प्रति उनका योगदान दधीचि से किसी भी प्रकार कम नहीं है। एक ऐसी ही घटना में रायपुर के एक युवक के अंगदान का निर्णय लेकर उनके माता-पिता ने एक बार मिसाल कायम कर दी। उनका 21 वर्षीय पुत्र एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। सिर में लगी भीषण चोट की वजह से वह ऐसी स्थिति में पहुंच गया था जहां से वापस लौटना लगभग असंभव था। इसे ब्रेन डेड की स्थिति कहते हैं। ऐसे मरीजों को या तो मशीनों के सहारे जीवित रखा जा सकता है या फिर उन्हें शांति के साथ जाने दिया जा सकता है। एक तरीका और है कि उसके अंगों को किसी और शरीर में प्रत्योरिपत कर दिया जाए जिससे मृत्यु के बाद भी उसके शरीर के हिस्से दूसरों के शरीर में जीवित रहें और उन्हें नया जीवन दे सकें। अमलेश्वर निवासी असीम और वर्षा आडिल ने अपने पुत्र आर्यंश का अंगदान करने का फैसला किया। आर्यंश की दोनों किडनियां दो अलग अलग लोगों को लगाई गई। उनका लिवर तीसरे व्यक्ति में प्रत्यारोपित कर दिया गया। एक आर्यंश के अंगदान से तीन लोगों को नई जिन्दगी मिल गई। छत्तीसगढ़ में अंगदान का यह 11वां मामला है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने काफी तरक्की की है। अंगदान इसकी एक अहम कड़ी है।







# श्रीकंचनपथ
भिलाई–दुर्ग



ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाएँ
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544




## खास खबर

### मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2024–2025 के तहत टाउनषिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की दक्षता बढ़ाने के लिए विद्युत सिस्टम के यथोचित रखरखाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है। नवम्बर 2024 से मार्च 2025 के दौरान एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनषिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। इस वार्षिक रखरखाव योजना के अंतर्गत सबस्टेशन, टैपिंग, डीपी और मेंटेनेंस, ओवरहालिंग, ओवर हेड लाइनों का मेंटेनेंस, जम्पर कसना, क्षतिग्रस्त पिन को बदलना, डिस्क इंसुलेटर और लाइटनिंग अरेस्टर, ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस आदि कार्य किये जायेंगे। यह कार्य प्रतिदिन योजनानुसार पूर्ण किये जाते हैं। इस कार्य के तहत टाउनषिप में 03 फरवरी 2025 से 08 फरवरी 2025 के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेंगी। तिथि अनुसार प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैं:– 03 व 04 फरवरी 2025 को जेएलएन हॉस्पिटल, 05 फरवरी 2025 को सेक्टर–6 का एक तिहाई हिस्सा व इंदिरा प्लेस, 06 फरवरी 2025 को सेक्टर–1 तथा खुर्सीपार जोन 2 व 3, 07 फरवरी 2025 को सेक्टर–9 व डायरेक्टर बंगला तथा 08 फरवरी 2025 को सेक्टर–06 का एक तिहाई हिस्सा, सेक्टर–2 का आधा हिस्सा व सीईजेड। उपरोक्त क्षेत्रों में उल्लेखित दिनांकों को प्रातः 10.00 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एवं राड मिल ने बनाया सर्वश्रेष्ठ दैनिक एवं शिफ्ट रिकॉर्ड


**भिलाई।** सेल – भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं राड मिल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 30 जनवरी 2025 को 20 एमएम टीएमटी बार के उत्पादन में नया दैनिक कीर्तिमान स्थापित किया है। विभाग ने 30 जनवरी 2025 को 20 एमएम टीएमटी बार प्रोफाइल में कुल 4140 टन (2015 बिलेट्स) का उत्पादन कर सर्वश्रेष्ठ दैनिक कीर्तिमान स्थापित किया। साथ ही 30 जनवरी की रात्रि पाली में 1490 टन (725 बिलेट्स) का उत्पादन कर सर्वश्रेष्ठ शिफ्ट कीर्तिमान भी बीआरएम विभाग ने अपने नाम किया। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने इस शानदार उपलब्धि के लिए बीआरएम टीम और सभी संबंधित विभागों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को बधाई दी एवं सभी कर्मचारियों को सुरक्षा के मनको का पालन करते हुए आगे भी इसी प्रकार उपलब्धियां प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। बीआरएम के विभागाध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने इस सफलता का श्रेय टीम वर्क और कर्मचारियों के समर्पण को देते हुए कहा कि कार्यक्षेत्र में नवीनता, संसाधनों का बेहतर उपयोग, और उच्चतम स्तर के सुरक्षा मानकों के अनुपालन के फलस्वरूप ही यह कीर्तिमान संभव हो पाया है। उन्होंने प्रबंधन समूह, कर्मचारियों, यूनियनों और सभी सहयोगी विभागों एवं शॉप के निरंतर सहयोग एवं समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। बीआरएम विभाग के महाप्रबंधकगण सच्चिदानंद त्रिपाठी, ने भी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बीआरएम बिरादरी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# मैत्रीबाग में आयोजित भव्य फ्लावर शो-2025 उद्घाटित

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के उद्यानिकी अनुभाग द्वारा, प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित मेगा फ्लावर शो–2025 का उद्घाटन 01 फरवरी 2025 को मैत्री बाग के मोमबत्ती गार्डन में मुख्य अतिथि भिलाई महिला समाज की अध्यक्षा श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता द्वारा संध्या 4:00 बजे किया गया।







इस अवसर पर भिलाई महिला समाज की अतिरिक्त उपाध्यक्ष प्रणोती मुखोपाध्याय, अतिरिक्त उपाध्यक्ष मौली चक्रवर्ती, अतिरिक्त उपाध्यक्ष आषा तमर, अतिरिक्त उपाध्यक्ष मीरा पंडा तथा अतिरिक्त उपाध्यक्ष पूनम कुमारी सहित भिलाई महिला समाज की अन्य सदस्य महिलाएं उपस्थित थी। इसके अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक विष्णु कुमार पाठक, महाप्रबंधक के के यादव, महाप्रबंधक डॉ एन के जैन, उप महाप्रबंधक आर गर्ग सहित उद्यानिकी विभाग और नगर सेवाएं विभाग के अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

इस फ्लावर शो के लिये वृहद पैमाने पर तैयारियां की गई थी। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने फ्लावर शो का अवलोकन किया और रंगोली तथा गमले में लगे पौधों की प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने फ्लावर शो में आयोजित स्टॉल और मोमबत्ती उद्यान का अवलोकन किया। फ्लावर शो के तहत विभिन्न श्रेणियों में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रकृति और पर्यावरण प्रेमियों ने भाग लिया। जिनके अंतर्गत आवासीय व शालेय श्रेणियों में विभिन्न प्रकार के पुष्प, गमलों में लगे केक्टस, बोनसाई, क्रोटन, फोलियेज, फर्न, सेवंती, डहलिया, गुलाब, औषधीय वनस्पति एवं मौसमी पौधों इलायची, दालचीनी, हल्दी, अदरक आदि प्रदर्शित किया गया है। बीएसपी कर्मियों के घर के बगीचों से विशेष सब्जियों व फलों का प्रदर्शन उपस्थित अतिथियों एवं जन समुदाय के समक्ष किया गया। इसके अलावा रंगोली का आयोजन भी किया गया। पुष्प प्रदर्षनी–2025 के दूसरे दिन फल, सब्जियों और कट फ्लावर तथा फलों से बनी रंगोली का प्रदर्षन किया जाएगा।

फ्लावर शो–2025 को सफल बनाने एवं भव्यता प्रदान करने हेतु प्रबंधन द्वारा, मैत्री बाग में रंग–रोगन सहित अन्य आवश्यक तैयारियां भी व्यापक स्तर पर की गई थी। मैत्री बाग के मोमबत्ती गार्डन की साज–सज्जा सहित बागवानी से संबंधित स्टॉल आकर्षण का केन्द्र रहे। यहाँ 100 से भी अधिक स्टाल लगाये गए थे, जिनमें वन विभाग, उद्यानिकी विभाग, नगर निगम और पर्यावरण विभाग के साथ विभिन्न नर्सरियों, उद्यानिकी और कृषि से संबंधित सामग्री का विक्रय करने वाले लोगों के स्टॉल भी लगे हुए है। ये सभी स्टॉल निःषुल्क है। पुष्प प्रदर्षनी के प्रथम दिन मैत्री बाग में दर्षकों की काफी संख्या नज़र आयी, जो पुष्प प्रदर्षनी एवं प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग ले रही थी।

### हजारों किलो फूलों के रंग से बनेगी रंगोली

इस फ्लावर शो में कुंभ मेले की भव्यता वाली रंगोली आकर्षण का केंद्र होगी। इस रंगोली को फूलों और प्राकृतिक रंगों से तैयार किया जाएगा। रंगोली का आकार विशाल होगा। जिसमें हजारों किलो फूलों और रंगों का उपयोग किया जाएगा। इसमें भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को दर्शाया जाएगा। इस रंगोली को विशेषज्ञ कलाकारों द्वारा डिजाइन किया जाएगा।

### सैकड़ों वेरायटी के फूल पौधे आकर्षण का बने केंद्र

इस साल भी फ्लावर शो में विभिन्न प्रकार के दुर्लभ और रंग–बिरंगे फूलों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसमें गुलाब, गेंदा, डहेलिया, जरबेरा, ऑर्किड, लिली, कनेर, गुलमोहर, सूरजमुखी सहित सैकड़ों प्रजाति के फूलों को सजाया जाएगा। इस बार बोनसाई गार्डन, वर्टिकल गार्डन, मेडिसिनल प्लांट्स, किचन गार्डन और ग्रीन वॉल जैसी खास प्रदर्शनियां भी आकर्षण का केंद्र होंगी।

# केंद्र सरकार के बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया- विधायक गजेन्द्र यादव

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज बजट पेश किया। इस बजट पर दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बजट को हर वर्ग को ध्यान में रहने वाला एवं बेहतर जीवन देने वाला बताया।

उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक आर्थिकी में अपनी भूमिका और भी बड़ी करने जा रहा है। बजट में मां लक्ष्मी का आशीर्वाद है। यह भारत के युवाओं को आत्मनिर्भरता, किसानों को अधिक आय, नारी शक्ति को सम्मान स्वाभिमान तथा विशेष रूप से मध्यम एवं निम्न आय वर्ग को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करने वाला बजट है।

बजट गरीबों और मिडल क्लास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। बजट में बड़े सुधारों पर जोर दिया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह बजट नागरिकों के विकास को बढ़ावा देने और उन्हें विकास का भागीदार बनाने के लिए मजबूत नींव रखता है। इस दृष्टिकोण से बजट पूरी तरह से अलग है।

विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा की पिछले दस वर्षों में दुनिया ने एक नया और सशक्त भारत देखा है। बजट से स्पष्ट है कि भारत वैश्विक आर्थिकी में अपनी भूमिका और भी बड़ी करने जा रहा है। 12 लाख की इनकम पर कोई इनकम टैक्स नहीं करदाताओं के लिए बड़ी राहत है। बजट के लिए पीएम मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया।

## यह बजट देश के विकास और आर्थिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण : ललित चंद्राकर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने ऐसा बजट प्रस्तुत किया है, जो विकास को गति देने के साथ समाज के हर वर्ग को सशक्त करता है। यह बजट सर्वसमावेशी, सर्वस्पर्शी और आर्थिक उन्नति को नया आयाम देने वाला है। मध्यम वर्ग के लिए कर सुधारों के तहत बड़ी राहत प्रदान की गई है। नए कर ढांचे में 12 लाख तक की आय को करमुक्त किया गया है, जिससे आम नागरिकों की क्रय शक्ति बढ़ेगी। यह बजट न केवल आज की जरूरतों को पूरा करता है, बल्कि देश के सुनहरे भविष्य की भी आधारशिला रखता है।

इस बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जिनमें मध्यम वर्ग के लिए कर कटौती, किसानों के लिए नई योजनाएं, और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय शामिल हैं। हमें उम्मीद है कि यह बजट देश के लिए फायदेमंद साबित होगा।

देश के टैक्स पेयर और मध्यम वर्ग का सम्मान करते हुए मोदी सरकार ने एक ऐसा निर्णय लिया है, जिसकी कल्पना भी लोगों को नहीं थी। कांग्रेस की सरकार में जहां सालाना 2 लाख रुपए की आय पर टैक्स लगता था, मोदी जी की सरकार में सालाना 12 लाख रुपए की आय तक कोई टैक्स नहीं लगेगा। यह देश–प्रदेश के करोड़ों मध्यमवर्गीय परिवारों को सीधा लाभ पहुंचाने वाला फैसला है। मोदी सरकार ने इस बजट में किसानों के उत्थान के लिए दूरगामी नीतियां बनाई हैं। बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रूपये करने का निर्णय, किसानों की तरक्की के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। भारत के लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए 200 डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना व अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज की 36 जीवन रक्षक दवाइयों को पूरी तरीके से टैक्स में छूट दे दी गई है, ऐसे संवेदनशील निर्णय पर हम मोदी सरकार का धन्यवाद करते हैं।

## साईंस कॉलेज दुर्ग में सात दिवसीय नाट्य कार्यशाला का समापन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग छत्तीसगढ़ के हिन्दी एवं संस्कृत विभाग द्वारा दिनांक 24 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के समापन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ अजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ी नाचा,लोक कला, लोकनाट्य एवं नाटक हमारे देश की संस्कृति का अनमोल धरोहर है। हमें इनको संजोकर रखना है, संभाल करके रखना है । स्थानीय जनजीवन का प्रतिबिंब हमें लोकनाट्य, नाचा एवं नाटक में देखने मिलता है ।

उन्होंने हिंदी एवं संस्कृत विभाग के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को सात दिवसीय कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ अभिनेष सुराना ने प्राचार्य एवं सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस कार्यशाला में दुर्ग जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी कार्यशाला में सम्मिलित हुए। जिसमें शैलदेवी महाविद्यालय अंडा तथा भिलाई महिला महाविद्यालय से- 9, भिलाई के विद्यार्थी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। हिन्दी विभाग से लोक में प्रसिद्ध नाचा एवं लोकमंचीय प्रस्तुति लोक नाट्य का प्रशिक्षण दिया गया। नाट्य कार्यशाला के समापन के अवसर पर तीन मंचीय प्रस्तुतियां दी गई।

संस्कृत विभाग की ओर से संस्कृत के कवि कालिदास के जीवन पर आधारित मोहन राकेश लिखित नाटक आषाढ़ का एक दिन का मंचन किया गया । जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अभिनय किया। अभिनेता विद्यार्थियों के कला कौशल की बहुत प्रशंसा हुई।

# महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार का धुआंधार जनसंपर्क जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** दुर्ग महापौर की भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी अलका बाघमार का धुआंधार जनसंपर्क जारी है। आज जनसंपर्क में वार्ड नंबर 57 उरला पश्चिम संग्राम चौक में एकत्रीकरण के पश्चात मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद, वार्ड नंबर 58 उरला पूर्व से होते हूए, वार्ड नंबर 16 सिकोला बस्ती उत्तर ,वार्ड नंबर 15 सिकोला बस्ती दक्षिण, वार्ड नंबर 14 सिकोला भाटा से होते हूए स्टेशन पारा में पहुंचकर संपन्न हुई। जनसंपर्क के दौरान आम जनमानस का उत्साह और स्वागत देखकर भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार को आम जन मानस ने अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर दुर्ग नगर निगम महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार ने कहा कि पूर्व में दुर्ग नगर निगम में कांग्रेस की सरकार काबिज थी जिन्होंने सारे विकास के कार्य अवरुद्ध कर दिए थे कांग्रेस पार्टी के कुशासन, विकास विरोधी रवैया, भ्रष्टाचार, एवं अनियमित के चलते पूरा दुर्ग शहर हलाकान था। देश एवं प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चल रही है और इसमें एक तीसरा इंजन जोड़कर हमें दुर्ग शहर को विकास को एक नया आयाम देना है । मैं दुर्ग शहर की आम जनमानस एवं जनता से अपील करती हूं कि मुझे एवं दुर्ग शहर के समस्त भारतीय जनता पार्टी के वार्डों के प्रत्याशियों को अपना वोट रूपी शुभ आशीष प्रदान कर ऐतिहासिक रूप से हमें विजय श्री दिलाए।

श्रीमती अलका बाघमार ने कहा कि दुर्ग में विकास की जो लहर चल रही थी भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में कांग्रेस की सरकार के आते ही वह टोटल ठप्प पड गया था। छत्तीसगढ़ प्रदेश में हमारी सरकार के आते ही विकास कार्य की गति में तीव्रता आई और योजनाओं का लाभ भी बिना भेदभाव के लोगों ने उठाना शुरू कर दिया मैं दुर्ग शहर की आम जनमानस से पुनः अपील करती हूं कि हमें एक ऐतिहासिक जीत अवश्य प्रदान करें।

**भाजपा का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन दुर्ग के गंज मंडी में:** भारतीय जनता पार्टी की दुर्ग महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार एवं दुर्ग के समस्त वार्डों के प्रत्याशियों के के समर्थन को लेकर विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन दुर्ग के गंज मंडी प्रांगण में 2 फरवरी रविवार को शाम 5 बजे से डिप्टी सीएम विजय शर्मा के मुख्य अतिथ्य में संपन्न होगी। आयोजित आमसभा में विशिष्ट अतिथि सुश्री सरोज पांडेय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, लोकसभा सांसद विजय बघेल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, दुर्ग जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल ,विधायक गजेंद्र यादव, ललित चंद्राकर, डोमन लाल कौर्सेवाडा, ईश्वर साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक उपस्थित रहेंगे। आयोजित आमसभा की जानकारी देते हुए दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन दुर्ग महापौर के प्रत्याशी एवं समस्त 60 वार्डों के प्रत्याशियों के पक्ष में वोट अपील को लेकर किया जा रहा है। विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन भारतीय जनता पार्टी चल रहे माहौल को और प्रगाढ़ बनाएगा।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### कार्यकाल के अंतिम क्षणों तक कार्य करने वाले अधिकारी कर्मवीर-सिंह

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रिटायरमेंट के दिन मतदान प्रशिक्षण में शामिल हुए वित्त विभाग के संयुक्त संचालक रमाकांत वर्मा का सम्मान किया। यह कार्यक्रम खालसा स्कूल स्थित मतदान प्रशिक्षण केंद्र पर आयोजित किया गया।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने उनके सराहना करते हुए कहा कि यदि पूरे नौकरी के कार्यकाल में गंभीरता से कार्य करता है और अंतिम क्षणों पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है वह कर्मवीर है। कर्मठ व्यक्ति ही काम के प्रति सजग और जिम्मेदार होता है। कलेक्टर ने श्री वर्मा को शाल और श्रीफल देकर उनका सम्मान किया और कहा कि उनके समर्पण और कड़ी मेहनत से कर्मचारियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। कलेक्टर ने यह भी बताया कि श्री वर्मा ने अपने कार्यकाल में हमेशा अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाया, जो सभी के लिए एक आदर्श है। श्री वर्मा, जो अब रिटायर हो चुके हैं, नगरीय निकाय निर्वाचन के मतदान प्रशिक्षण में हिस्सा ले रहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि उपस्थित कर्मचारियों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए, ताकि वे अपने कार्यों में और अधिक जिम्मेदार और प्रतिबद्ध बन सकें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप भी उपस्थित थे। उन्होंने भी श्री वर्मा के योगदान को सराहा और उनकी कार्यशैली को सभी के लिए एक उदाहरण बताया।

### भारत रंग महोत्सव 4 फरवरी से

**रायपुर।** खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के मंच पर 4 से 9 फरवरी 2025 तक थिएटर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भारत और विदेशों के प्रमुख थिएटर ग्रुप्स अपने नाटकों का मंचन करेंगे। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा पहली बार छत्तीसगढ़ को इस प्रतिष्ठित फेस्टिवल की मेजबानी का अवसर दिया गया है। इस महोत्सव में रूस, इटली, जर्मनी, नॉर्वे, चेक गणराज्य, नेपाल, ताइवान, स्पेन और श्रीलंका सहित कई देशों के नाट्य दल भाग लेंगे। भारत के भोपाल, कोलकाता, असम, पुडुचेरी, मुंबई और पुणे से भी प्रसिद्ध थिएटर ग्रुप्स खैरागढ़ पहुंचेंगे, जिससे यह आयोजन और भी भव्य हो जाएगा।

### डंगनिया इलाके में आज शाम नहीं होगी पानी की सप्लाई

**रायपुर।** शहर के डंगनिया क्षेत्र में आज पानी की सप्लाई बाधित रहेगी। जानकारी के मुताबिक, नगर निगम के पानी टंकी सफाई अभियान के तहत आज सुबह डंगनिया टंकी की सफाई की जाएगी। जिसके चलते लोगों को आज शाम पानी की किल्लत का सामना करना पड़ सकता है।

# 102 महतारी एक्सप्रेस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चालकों को किया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** 102 महतारी एक्सप्रेस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 7 चालकों सहित संभागीय प्रबंधक सरगुजा संभाग को सरगुजा पुलिस द्वारा किया गया सम्मानित 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 अंतर्गत के यातायात जागरूकता अभियान का समापन समाहरोह पी जी कॉलेज ऑडिटोरियम में रखा गया था। बता दें कि 36वें सड़क सुरक्षा माह 2025 अंतर्गत जागरूकता अभियान 01 जनवरी से 30 जनवरी तक आयोजित किया गया था ।

कार्यक्रम के तहत जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एवं शिविर आयोजित किए गए । इसी तारतम्य में आज 102 महतारी एक्सप्रेस के चालकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिये सरगुजा पुलिस द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।सरगुजा आई जी अंकित गर्ग कलेक्टर सरगुजा विलास भोस्कर,पुलिस अधीक्षक सरगुजा योगेश पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढील्लो सहित जिले के पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। जिनके द्वारा बताया गया की सड़क में वाहन चलाने के दौरान सावधानी रखना आवश्यक हैं, खासकर युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति गंभीर होकर वाहन चलाने की समझाइश दी, साथ ही अपने परिवार के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की।

आमनागरिक जागरूकता अभियान का लाभ उठाकर सड़क सुरक्षा के नियमों को समझें और पालन करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाया जा सके। कलेक्टर विलास भोस्कर ने कहा कि वर्तमान समय में यातायात के नियमों का पालन कराने के साथ-साथ आम नागरिकों को जागरूक करना अति आवश्यक है। आम नागरिकों को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए, जिससे सड़क हादसों को कम किया जा सके। कलेक्टर सरगुजा द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई कि दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट का उपयोग करना चाहिए, साथ ही चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का इस्तेमाल कर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में अपना योगदान देना चाहिए।

सड़क हादसों को कम करने समाधान के रूप के पूरे देश में 01 जनवरी से 31 जनवरी तक 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा हैं, ताकि लोग यातायात के नियमों का पालन करें और सड़क हादसों को कम किया जा सके।

# कलेक्टर ने लगाई साप्ताहिक चौपाल, कहा 98 प्रतिशत कर्मचारियों की उपस्थिति नियमित हो

## हेलमेट अपनी सुरक्षा के लिए अवश्य पहनें : कलेक्टर डॉ. सिंह

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में अधिकारियों और कर्मचारियों की साप्ताहिक बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने कलेक्टोरेट परिसर में कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर संतोष व्यक्त किया और कहा कि वर्तमान में 98 प्रतिशत कर्मचारियों की उपस्थिति नियमित हो गई है। कलेक्टर ने यह भी कहा कि जो कर्मचारी आदतन समय पर कार्यालय नहीं पहुंचते, उन्हें नोटिस जारी किए किया जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकारी कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए और कर्मचारियों को समय पर कार्यस्थल पर उपस्थित रहना चाहिए। साथ ही कलेक्टर ने अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि वे अपनी टीम के कार्यों की निगरानी रखे और अधिकारीगण कार्यालय में आने वाले आमजनों से संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करें।

गौरतलब है कि कलेक्टोरेट में बैयोमैट्रिक अटेंडेस सिस्टम लागू किया गया है। जिसे एन्ड्रायड और आईओएस प्लेटफॉर्म वाले मोबाईल धारक अधिकारी-कर्मचारी फेस रिकॉग्निशन सिस्टम से अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं और की-पैड मोबाईल वाले कर्मचारी थंब इंप्रेशन लगा रहे हैं। कलेक्टर डॉ सिंह ने बताया कि जिला पंचायत सीईओ से लेकर एडीएम और अपर कलेक्टर सहित सभी अधिकारी उपयोग कर रहे है। उन्होंने जिला पंचायत कार्यालय की सराहना करते हुए कहा कि इस सप्ताह जिला पंचायत की उपस्थिति उत्कृष्ट रही है। वहां पर 98 प्रतिशत अधिकारी-कर्मचारी अपने समय पर कार्यालय आ रहे है। डीआईओ पीसी वर्मा ने बताया कि एनआईसी द्वारा बनाए गए बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम एप को निरंतर अपडेट किया जा रहा है। अगर किसी अधिकारी-कर्मचारी को इसे उपयोग करने में दिक्कत आती है तो एनआईसी से संपर्क करें।

बैठक में डॉ. सिंह ने सभी कर्मचारी-कर्मचारी जो दो पहिया वाहन में आते हैं वे हेलमेट पहने और चार पहिया में आने वाले सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से लगाएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप सहित समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### मतदान दलों का हो रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे कलेक्टर

रायपुर। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के सफल आयोजन के लिए राजधानी रायपुर में मतदान दलों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने खालसा स्कूल स्थित प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि वे मतदान प्रक्रिया से संबंधित प्रशिक्षण को पूर्ण मनोयोग से ग्रहण करें। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया की सफलता का पहलू प्रशिक्षित और तत्पर मतदान दल है। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे मतदान से जुड़े हर पहलू को बारीकी से समझें ताकि चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से और बिना किसी व्यवधान के चलाया जा सके।

गौरतलब है कि खालसा स्कूल, जेएन पांडे शासकीय स्कूल और शासकीय जेआर दानी स्कूल में भी मतदान दलों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मतदान के हर चरण, ईवीएम संचालन, मतदाता पंक्ति की व्यवस्था और अन्य संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप भी उपस्थित थे।

# निगम अधिकारियों, कर्मचारियों को कल से कार्यालय अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाकर आने के निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देषानुसार नगर निगम सामान्य प्रषासन विभाग द्वारा प्रति सप्ताह शुक्रवार को संध्या कार्यालयीन समय में नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली जा रही है एवं समस्याओं के निराकरण हेतु नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। नगर निगम सामान्य प्रशासन विभाग की प्रभारी अपर आयुक्त श्रीमती कृष्णा खटीक ने नगर निगम के कर्मचारियों की बैठक ली एवं उनसे उनकी समस्याओं को पूछकर जानकारी ली और उन्हें विगत शुक्रवार को बतायी गयी समस्याओं के संबंध में निराकरण की कार्यवाही से अवगत करवाया।

प्रभारी अपर आयुक्त ने बैठक में सभी कर्मचारियों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली। प्रभारी अपर आयुक्त ने कर्मचारियों द्वारा बतायी समस्याओं पर नगर निगम मुख्यालय में भिक्षा मांगने एवं फेरी वालो के कार्यालय भवन में प्रवेश करने पर रोक लगाने आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधितों को दिये है। साथ ही नगर निगम आने वाली नगर निगम की वाहनों एवं निजी वाहनों की तत्काल पहचान हेतु वाहनों पर स्टीकर लगाने शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देष दिये गये है।

प्रभारी अपर आयुक्त ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को दुपहिया वाहन चलाते समय कार्यालय आते समय सुरक्षा हेतु अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने एवं 4 पहिया वाहन से आने वालो को अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने के निर्देश दिये है। उन्होने जानकारी दी कि सोमवार 3 फरवरी 2025 से जिला पुलिस प्रशासन एवं यातायात पुलिस के सहयोग से रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में हेलमेट लगाने एवं सीट बेल्ट लगाने के यातायात सुरक्षा संबंधी नियमों का पूर्ण व्यवहारिक परिपालन करवाने नगर निगम कार्यालय में नियमानुसार कड़ी कार्यवाही लगातार अभियान चलाकर की जायेगी। प्रभारी अपर आयुक्त ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्यालयीन दिवस में दिये गये आदेशानुसार कार्यालय में सुबह 10 बजे से पूर्व पहुंचने एवं संध्या 5:30 बजे के पश्चात ही कार्यालय से रवाना होने के निर्देश दिये। अन्यथा नियमानुसार संबंधितों पर कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।

# पॉवर कंपनी में ईडी सहित 6 विद्युत कर्मी हुए सेवानिवृत्त



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय में आयोजित समारोह में कार्यपालक निदेशक (पारेषण) राजेश चंद्र अग्रवाल सहित 6 अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई दी गई। प्रबंध निदेशकों ने अग्रवाल के योगदान की प्रशंसा करते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की। मुख्य समारोह का आयोजन डंगनिया स्थित सेवाभवन में हुआ जिसमें पॉवर ट्रांस्को के एमडी राजेश शुक्ला एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी (डिस्कॉम) के एमडी भीमसिंह कंवर सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। सभी ने अग्रवाल की कर्मठता और चार दशक की सेवा की सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशकों ने कहा कि अग्रवाल ट्रांसमिशन कंपनी में टेक्निकल एक्सपर्ट के रूप में जाने जाते है। उनेक मार्गदर्शन में रायपुर और बिलासपुर क्षेत्र के कई सबस्टेशन के निर्माण कार्य संपन्न हुए। वे टेस्टिंग और एमआरटी जैसे प्रमुख विभाग में अपना योगदान दर्ज करा चुके हैं। सेवानिवृत्ति एक नई पारी है। वे अपनी नई पारी में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। समारोह में सेवानिवृत्त ईडी अग्रवाल ने अपने कार्य अनुभव बताते हुए अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया तथा सेवायात्रा के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार लोड डिस्पैच सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में सहायक अभियंता (सिविल) कृष्ण कुमार शुक्ला, अनुभाग अधिकारी चमन लाल साहू, लाइन सहायक श्रेणी-1 तुला राम कश्यप एवं सनद कुमार वर्मा तथा वाहन चालक एम. शंकर राव के योगदान का उल्लेख किया गया तथा सेवानिवृत्ति उपरांत प्रशस्ति पत्र के साथ उनका अभिनंदन किया गया।

# शासकीय प्राथमिक स्कूलों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** हुमना पीपल टू पीपल इंडिया व द हंस फाउंडेशन युएसए के सहयोग से रायपुर जिले के स्वास्थ्य टीम के द्वारा धरसींवा ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शालाओं में बच्चों और अभिभावकों का स्वास्थ्य टीम के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में चेकअप किया गया। और अभिभावकों को मौसमी बीमारी के बारे में जानकारी दी गई, तथा किसी भी प्रकार के बुखार, सर्दी जुकाम, खांसी, इत्यादि होने परअभिभावकों को दवाई भी दी गई। इस शिविर में बच्चों को साफ -सफाई से रहने के लिए और ताजा भोजन खाने के लिए प्रेरित किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य था, कि बच्चे और अभिभावकों को अपने समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना। और किसी भी प्रकार की ऐसी मौसमी बीमारी होने से रोका जा सके।

इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला न्यू डीह के प्रधान पाठक कुर्रे मैडम के साथ समस्त स्टाफ में संगीता दक्षिणे, लक्ष्मण गेहरवाल, गजानन घिवडोंडे, खम्मन सिंह ठाकुर और शाला के अन्य कार्यकर्ता तथा हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया के जिला प्रभारी सतीश कुमार और रिसोर्स पर्सन के रूप में पंकज दास, सुजाता सोनी, पोखन लाल, टोकेश्वरी, दानीराम, राकेश सोनवानी व चिरायु टीम से डॉ टीना और उनके समस्त स्वास्थ कर्मी के टीम की उपस्थित में किया गया है।

# स्वच्छ वायु सर्वेक्षण -2024 के परिणाम घोषित, रायपुर ने देश के टॉप 10 शहरों में बनाई जगह



**रायपुर।** भारत सरकार के वन, पर्यावरण और जल वायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2024 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस सर्वेक्षण में रायपुर ने टॉप -10 शहरों में अपनी जगह बनाते हुए 10 लाख से अधिक आबादी वाले 41 शहरों की स्पर्धा में आठवां स्थान अर्जित किया है। केंद्र सरकार द्वारा धूल मुक्त वातावरण, कचरे को जलाने की प्रवृति पर अंकुश, निर्माण व विध्वंस अवशेष के निपटान, वायु गुणवत्ता स्तर और जागरूकता गतिविधियों के प्रभावी संचालन जैसे कई मापदंडों के आधार पर यह सर्वेक्षण किया गया।

नगर निगम रायपुर के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के अनुसार स्वच्छ वायु गुणवत्ता सुनिश्चित करने कलेक्टर एवं निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर अंतर विभागीय समन्वय के आधार पर बीरगांव और रायपुर नगर निगम, पर्यावरण सरक्षण मंडल, सी एस आईडीसी, परिवहन, यातायात और पुलिस विभाग मिलकर काम कर रहे हैं। धूल कम करने निरंतर जल छिड़काव, बीटी व सीसी सड़क निर्माण, एंड टू एंड पेविंग, सी एंड डी प्रोसेसिंग प्लांट से निर्माण व विध्वंस अवशेष को पुनः उपयोगी बनाने के साथ ही अधिकाधिक वृक्षारोपण सही कई नवाचारों पर इस बार फोकस किया जा रहा है। इसके अलावा यांत्रिक विधि से रात्रिकालीन सड़क सफाई का दायरा 152 किमी तक बढ़ाया गया है। प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की जांच शुरू की गई है। जागरूकता कार्यकर्मों के लिए रणनीति आधारित आईईसी गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी प्रयासों का लाभ इस सर्वेक्षण में रायपुर को मिला है।


इस रैंकिंग में टॉप-10 शहरों में सूरत, जबलपुर, आगरा, लखनऊ, कानपुर, वडोदरा, इंदौर, भोपाल, विजयवाड़ा, अहमदाबाद और दिल्ली के नाम शामिल हैं। वायु गुणवत्ता सुधार कार्यक्रमों के प्रति लोगों को जागरूक करने, प्रदूषण के दुष्प्रभावों से सभी को सचेत करने, वायु गुणवत्ता का तुलनात्मक अध्ययन करने व सभी के लिए स्वच्छ वायु का लक्ष्य हासिल करने भारत सरकार यह सर्वेक्षण करता है।









# सरोगेसी या गोद लेकर मां बनेंगी एक्ट्रेस टीना दत्ता?

## बोलीं- मैं तैयार, पति पर निर्भर रहना जरूरी नहीं।



**टीना ने कहा कि मुझे लगता है कि जब समय आएगा तो मैं एक अच्छी मां बनूंगी। हालांकि, मैंने सिंगल मदर बनने की विशेष रूप से योजना नहीं बनाई है। 'उतरन' जैसे टीवी शो में काम कर मशहूर हुई अभिनेत्री टीना दत्ता ने बताया कि भविष्य में 'सिंगल मदर' बनने के बारे में उन्होंने अपने विकल्प खुले रखे हैं।**

एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने 'सिंगल मदरहुड' के लिए विशेष रूप से योजना नहीं बनाई है, लेकिन वह गोद लेने या सरोगेसी के जरिए इस बारे में सोच सकती हैं।

टीना ने कहा, मुझे लगता है कि जब समय आएगा तो मैं एक अच्छी मां बनूंगी। हालांकि, मैंने सिंगल मदर बनने की विशेष रूप से योजना नहीं बनाई है, लेकिन मैं इस विचार के लिए खुली हूं, चाहे गोद लेकर या सरोगेसी के जरिए।

अभिनेत्री ने सिंगल मदरहुड को अपनाने वाली महिलाओं की सराहना भी की। उन्होंने कहा, मैं सुष्मिता सेन जैसी महिलाओं की प्रशंसा करती हूं, जिन्होंने दो खूबसूरत बेटियों को गोद लिया। मेरे माता-पिता एक छोटे शहर से हैं और हमारा बैकग्राउंड बंगाली है। इसके बावजूद वे काफी प्रोग्रेसिव हैं। मैं गोद लेने का फैसला करूं या सरोगेसी के जरिए बच्चा पैदा करूं, वे मेरी पसंद का पूरा समर्थन करते हैं। मैं स्वतंत्र होने में दृढ़ता से विश्वास करती हूं। अगर मैं अपना और अपने परिवार का ख्याल रख सकती हूं, तो मैं एक बच्चे की भी देखभाल कर सकती हूं। इस जिम्मेदारी के लिए पति पर निर्भर रहना जरूरी नहीं है।

उन्होंने कहा, समाज ऐसे मामलों में आगे आ रहा है और स्वीकार कर रहा है। क्योंकि हम शो बिजनेस में हैं, इसलिए हमारे निजी जीवन पर अक्सर नजर रखी जाती है। लोग मानते हैं कि मनोरंजन इंडस्ट्री बदलाव ला रहा है, लेकिन इसके बाहर भी स्वीकृति मौजूद है। मेरे कई दोस्त हैं जिन्होंने बच्चों को गोद लिया है, लेकिन वे इंडस्ट्री में नहीं हैं, इसलिए सुर्खियां नहीं बनती हैं। इंडस्ट्री केवल चीजों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करता है क्योंकि हम जो कुछ भी करते हैं वह सार्वजनिक हो जाता है। टीना दत्ता हाल ही में मुंबई की जिम कल्चर पर आधारित क्राइम-थ्रिलर सीरीज 'पर्सनल ट्रेनर' में नजर आईं।

यह पूछे जाने पर कि इस फिल्म के लिए उन्हें किस बात ने आकर्षित किया, अभिनेत्री ने कहा, कहानी बहुत ही आकर्षक थी। यह एक क्राइम थ्रिलर है। ऐसा कुछ जो मैंने पहले कभी नहीं किया था। इसे मेरे एक दोस्त अमित खन्ना ने लिखा और निर्देशित किया है, जिन्होंने 'सेक्शन 365' और '366' जैसे शो पर काम किया है। मुझे पता था कि इस प्रोजेक्ट में दम है और मैं इसका हिस्सा बनने के लिए उत्साहित थी। 'पर्सनल ट्रेनर' 23 जनवरी को हंगामा पर रिलीज हुई।

# एसएसएमबी 29 में नजर आएंगी प्रियंका चोपड़ा, महेश बाबू के साथ मिलकर मचाएंगी धमाल

**बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा एसएस राजामौली की बहुप्रतीक्षित फिल्म एसएसएमबी 29 में महेश बाबू के साथ लीड रोल में नजर आ सकती हैं। हालांकि, इस खबर की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रियंका इस प्रोजेक्ट के लिए तैयारी कर रही हैं।**



### प्रियंका ने ली मोटी फीस

रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म के लिए प्रियंका चोपड़ा की फीस लगभग 30 करोड़ रुपये बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि शुरुआती बातचीत में प्रियंका ने इससे भी ज्यादा फीस की मांग की थी, लेकिन निर्माता और प्रियंका के बीच सफल बातचीत के बाद इस रकम पर सहमति बनी। प्रियंका का नाम जुड़ने से एसएसएमबी 29 की लोकप्रियता भारत के साथ विदेश में भी बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

### विदेशी कलाकारों को कास्ट करने हो रहा विचार

एसएसएमबी 29 को लेकर जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक फिल्म एक अफ्रीकी एडवेंचर होगी। यह इंडियाना जोंस जैसी क्लासिक फिल्म की लोगों को याद दिला सकती है। फिल्म की टीम विदेशी कलाकारों को भी कास्ट करने पर विचार कर रही है ताकि फिल्म की वैश्विक अपील को और बढ़ाया जा सके।

### बड़े बजट में बन रही फिल्म

एसएस राजामौली की फिल्में हमेशा बड़े बजट की शानदार फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। एसएसएमबी 29 भी इससे अलग नहीं होने वाली है। महेश बाबू की मौजूदगी और राजामौली की निर्देशन क्षमता इस फिल्म को एक बड़े हिट के रूप में स्थापित कर सकती है।

### दो साल से चल रहा काम

यह फिल्म प्री-प्रोडक्शन में लगभग दो साल से तैयार हो रही है। फिल्म की पटकथा विजयेंद्र प्रसाद ने लिखी है जो राजामौली के पिता हैं। इसकी शूटिंग अप्रैल 2025 में शुरू होने की उम्मीद है। फिल्म की शूटिंग के लिए प्रमुख स्थानों में केन्या और आंध्र प्रदेश के बोर्रा गुफाएं शामिल हैं। महेश बाबू ने अपनी भूमिका के लिए कड़ी ट्रेनिंग ली है और उनकी भूमिका का हनुमान से प्रेरित हो सकता है।

# तलाक के 5 साल बाद दूसरी शादी, सोशल मीडिया पर वायरल हुई रैपर रफ्तार की वेडिंग फोटोज



मशहूर रैपर रफ्तार, जिनकी फैन फॉलोइंग बहुत बड़ी है, इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने पहले शादी कोमल वोहरा से की थी, लेकिन दोनों ने 5 साल पहले तलाक ले लिया था। अब रफ्तार ने अपनी जिंदगी में एक नई शुरुआत की है और दूसरी शादी कर ली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रफ्तार ने 31 जनवरी को अपनी करीबी दोस्तों और परिवार के बीच दूसरी शादी की। उनकी दुल्हन फैशन स्टाइलिस्ट और एक्ट्रेस मनराज जवंदा हैं। दोनों के रिश्ते की खबरें पहले से ही सुनी जा रही थीं और अब दोनों की शादी की पहली फोटोज सामने आई हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रफ्तार और कोमल वोहरा की शादी की पहली फोटो सामने आई। तस्वीर में दोनों के चेहरे पर खुशी साफ नजर आ रही है और उनके परिवार के सदस्य भी इस खुशी में शामिल हैं। फैंस इन तस्वीरों पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। उनकी शादी एक साउथ इंडियन ट्रेडिशनल सेरेमनी के तहत हुई। रफ्तार और मनराज के प्री-वेडिंग फंक्शन की वीडियो भी वायरल हो गई हैं। एक वीडियो में उनकी हल्दी सेरेमनी की तस्वीर भी है, जिसमें कपल पीले और सफेद कपड़े पहने बेहद खूबसूरत लग रहे हैं। हल्दी सेरेमनी में पूरा परिवार खुशी से जश्न मनाता नजर आ रहा है।

### शादी पर चुप्पी साधे हुए हैं रफ्तार और मनराज

रफ्तार और मनराज ने अपनी शादी पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान या फोटो जारी नहीं किया है। हालांकि, दोनों की शादी के बारे में अटकलें तब शुरू हुई, जब वेडिंग वेन्यू के एंट्रेंस की फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हुई।

### रफ्तार की पहली शादी का इतिहास

रफ्तार ने 2016 में कोमल वोहरा से शादी की थी, लेकिन 2020 में दोनों ने तलाक के लिए अर्जी दायर की थी। 2022 में उनका तलाक पूरी तरह से हो गया था और अब उन्होंने दूसरा शादी कर ली है और लोग उन्हें बधाईया दे रहे हैं।

# विधायक के बेटे पर आया दिल, धर्म बदल कर बन गई बहू

## शादी के सालों बाद एक्ट्रेस ने तोड़ी चुप्पी

एक्ट्रेस बॉलीवुड डेब्यू करते ही स्टार बन गई थीं। सलमान खान के साथ उनकी जोड़ी सुपरहिट रही, मगर वे फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी की वजह से सुर्खियों में रहीं। दरअसल, एक्ट्रेस ने प्यार के खातिर शानदार करियर छोड़कर दूसरे धर्म के शख्स से शादी कर ली थी, जो एक बिजनेसमैन हैं और समाजवादी पार्टी के नेता के बेटे हैं।

हम आयशा टाकिया के बारे में बात कर रहे हैं, जो तब सिर्फ23 साल की थी, जब उन्होंने धर्म बदलकर विधायक के बेटे से शादी की थी। एक्ट्रेस ने भी सोचा



नहीं था कि वे कम उम्र में शादी जैसा अहम कदम उठाएंगी। आयशा टाकिया को सिने प्रेमी 'टार्जन: द वंडर कार', 'वॉन्टेड' और 'डोर' जैसी फिल्मों से जानते हैं, जिनकी निजी जिंदगी में भी लोगों की काफी दिलचस्पी रही है। एक्ट्रे ने ब्वॉयफ्रेंड फरहान आजमी से शादी करने पहले उन्हें करीब 3 साल डेट किया था।

फरहान आजमी रेस्तरां के मालिक होने के अलावा समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता अबू आजमी के बेटे हैं, जिनसे शादी करने के लिए आयशा टाकिया ने धर्म बदला था। वे शादी के बाद आयशा टाकिया आजमी के नाम से पहचानी गईं। आयशा को भी उम्मीद नहीं थी कि वे कम उम्र में इस तरह शादी करेंगी। नवभारतटाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में कहा था, 'जिंदगी का यही तो मजा है कि आप नहीं जानते है कि अगले मोड़ पर क्या होगा।'

38 साल की आयशा ने फिर पति फरहान पर कहा, 'किस्मत है कि मुझे फरहान मिले, उनसे शादी हुई।' एक्ट्रेस को पेंटिंग, किताबें पढ़ने का भी काफी शौक है। वे काम के चलते अपने शौक को समय नहीं दे पा रही थीं, मगर अब इन सब चीजों के लिए उनके पास भरपूर समय है। एक्ट्रेस का एक बेटा है, जिनका नाम है- मिकाइल आजमी। आयशा टाकिया 15 साल की उम्र से मॉडलिंग करने लगी थीं। 90 के दौर में वह फाल्गुनी पाठक के गाने 'मेरी चुनरी उड़ उड़ जाए' से पॉपुलर हो गई थीं। शाहिद कपूर के साथ एक विज्ञापन से भी खूब लाइमलाइट बटोरी थी। फिल्म 'टार्जन' से डेब्यू से पहले ही आयशा मनीषा कोइराला के भाई सिद्धार्थ कोइराला के साथ रिलेशनशिप में थीं, जिसे उन्होंने एक इंटरव्यू में कुबूला भी था। वे करीब 3 साल तक रिश्ते में रहे थे।

# 3 नए चेहरों को लॉन्च कर रहे सुनील दर्शन

### अंदाज के सीक्वल का हुआ ऐलान

साल 2003 में आई फिल्म अंदाज हिंदी सिनेमा की यादगार फिल्मों में से एक है। सुनील दर्शन इस फिल्म के निर्माता थे। उन्होंने इसके जरिए अक्षय कुमार, लारा दत्ता और प्रियंका चोपड़ा को लॉन्च किया गया था। अब सुनील ने लगभग 22 साल बाद अंदाज के सीक्वल का ऐलान कर दिया है। खास बात यह है कि इस इस फिल्म के जरिए भी सुनील 3 नए चेहरों को बॉलीवुड के दर्शन करवाएंगे।



अंदाज 2 से नताशा फर्नांडीज, आयुष कुमार और आकिशा बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं। नताशा ने सुनील की फिल्म एक हसीना थी एक दीवाना था में अभिनय किया था तो वहीं आयुष अभिनेता अभिषेक बच्चन की दसवीं में काम कर चुके हैं। आकिशा की यह पहली फिल्म होने वाली है। अंदाज 2 का पहला पोस्टर सामने आ गया है, जिसमें नताशा, आयुष और आकिशा की झलक दिख रही है। फिल्म का टीजर भी रिलीज हो चुका है।

बेशक अंदाज की दूसरी किस्त में सुनील तीन नए चेहरों को लॉन्च करने जा रहे हैं, लेकिन ऐसी चर्चा है कि इसमें अक्षय, प्रियंका और लारा मेहमान की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अंदाज की कहानी एक पुरुष और दो महिलाओं की प्रेम कहानी पर आधारित थी। इसका निर्देशन राज कंवर ने किया था, वहीं सुनील इस फिल्म के निर्माता थे। 9 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 28.81 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।

# प्यार के महीने में एक-दूजे के होंगे प्रतीक बब्बर और एक्ट्रेस प्रिया बनर्जी

**बॉलीवुड एक्टर प्रतीक बब्बर फिल्मों से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। उनकी पहली शादी केवल 4 साल तक चल पाई थी। साल 2023 में पहली पत्नी से तलाक लेने के कुछ महीने बाद ही उन्होंने गर्लफ्रेंड प्रिया बनर्जी से सगाई कर ली। इसके बाद अब बेहद जल्द एक्टर शादी के बंधन में बंधने वाले हैं।**



प्रतीक बब्बर का नाम उन सितारों की लिस्ट में शामिल है, जिन्हें बेहद कम समय में लोगों के बीच मजबूत पहचान कायम करने में सफलता मिली है। एक्टर ने साल 2008 में आई 'जाने तू या जाने ना' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इन दिनों वह अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। फरवरी का महीना एक्टर की लव लाइफ के लिए थोड़ा स्पेशल होने वाला है। जी हां, प्रतीक दूसरी बार दूल्हा बनने जा रहे हैं। प्रतीक बब्बर दिग्गज एक्टर राज बब्बर और दिवंगत अभिनेत्री स्मिता पाटिल के बेटे हैं। बीते साल उन्हें 'ख्वाबों का झमेला' फिल्म में देखा गया था और अब वह बॉलीवुड के भाईजान सलमान की मूवी सिकंदर में नजर आएंगे। खैर, इससे पहले ही वह अपनी गर्लफ्रेंड के साथ सात फेरे ले लेंगे।

शादी के लिए प्रतीक और प्रिया ने चुना खास दिन

फरवरी का महीना शुरू होते ही कपल वेलेंटाइन का बेसब्री से इंतजार करने लगते हैं। प्रतीक बब्बर और उनकी गर्लफ्रेंड प्रिया बनर्जी ने वेलेंटाइन डे के खास दिन को शादी करने के लिए चुना है। ईटाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, धोबी घाट जैसी फिल्मों के लिए मशहूर अभिनेता 14 फरवरी को शादी के बंधन में बंधेंगे। वह अपनी मंगेतर प्रिया के साथ प्राइवेट सेरेमनी में सात फेरे लेंगे। बता दें कि दोनों की शादी में करीबी दोस्त और परिवार के लोग ही शामिल होंगे।


प्रतीक बब्बर ने साल 2023 में गर्लफ्रेंड प्रिया बनर्जी के साथ सगाई की थी। अब दोनों वेलेंटाइन के मौके पर शादी करने का फैसला ले चुके हैं। एक्टर दूसरी बार दूल्हा बनने वाले हैं। इससे पहले उनकी शादी सान्या सागर से हुई थी, लेकिन दोनों का रिश्ता 4 साल तक चल पाया। पहली पत्नी से तलाक के कुछ महीने बाद ही उन्होंने प्रिया के साथ सगाई की थी।

### ड्रग्स की लत के शिकार हो गए थे प्रतीक बब्बर

बॉलीवुड स्टार्स और ड्रग्स की लत का नाता थोड़ा पुराना रहा है। फिल्मी दुनिया के कई स्टार किड्स कबूल कर चुके हैं कि उन्हें ड्रग्स की आदत लग गई थी। इसमें सबसे पहले संजय दत्त का नाम शामिल किया जाता है, उन्होंने खुलकर ड्रग्स की लत के बारे में बताया था। बीते साल प्रतीक ने बॉलीवुड बबल को दिए इंटरव्यू में इस बात को स्वीकार किया था कि वह ड्रग्स लेते थे। हालांकि, अब वह अतीत को भूलकर जिंदगी में आगे जरूर बढ़ चुके हैं।

# केन्द्रीय बजट 2025-26 में औद्योगिक वस्तुओं के लिए सात सीमा शुल्क दरों को हटाने का प्रावधान

**नई दिल्ली (पीआईबी)। केन्द्री य वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने आज 01 फरवरी, 2025 को संसद में केन्द्री य बजट 2025-26 पेश करते हुए कहा कि सीमा शुल्कर की दरों के प्रस्तािव को युक्तिसंगत बनाने और शुल्कफ समायोजन के समाधान पर ध्या न केन्द्रित किया गया है। वित्ति मंत्री ने कहा कि यह प्रस्ता्व घरेलू विनिर्माणकर्ताओं को सहायता प्रदान करेंगे और मूल्य वर्धन के साथ निर्यात को बढ़ावा देने में प्रमुख योगदान देंगे, जिससे व्योपार करने में सुगमता होगी तथा आम लोगों को राहत मिलेगी।**




यह बजट, जुलाई 2024 में सीमा शुल्कस दरों की संरचना की समीक्षा करने के वादे पर मुख्यो रूप से केन्द्रित है। नई व्य वस्था2 के तहत औद्योगिक वस्तु ओं के लिए सात सीमा शुल्कश दरों को हटाने का प्रस्तािव है। इससे पहले भी बजट 2023-24 में सात कर दरों को हटाया गया था, अब केवल आठ टैरिफरेट ही रह जाएंगे, जिसमें 'शून्यष' शुल्कब भी शामिल है।

बजट में एक से अधिक उपकर अथवा अधिभार नहीं लगाने का प्रस्ताव किया गया है। इस व्यहवस्थाद से उपकर के अधीन 82 टैरिफ लाइनों पर समाज कल्याण अधिभार से छूट देने का प्रस्ताव भी सुनिश्चित हुआ है।

बजट में कैंसर के मरीजों और असाधारण बीमारियों तथा अन्य गंभीर जीर्ण रोगों से पीड़ित लोगों को राहत देने का भरकस प्रयास किया गया है। इसके तहत 36 जीवनरक्षक औषधियों एवं दवाओं को बुनियादी सीमा-शुल्कक (बीसीडी) से पूरी तरह छूट-प्राप्त दवाओं की सूची में शामिल करने का प्रस्ता6व है। इसके अलावा 6 जीवनरक्षक दवाओं को 5 प्रतिशत के रियायती सीमा-शुल्क वाली दवाओं की सूची में शामिल किया जाना भी प्रस्ताावित है। अब पूर्ण छूट और रियायती शुल्क उपर्युक्तु निर्माताओं के लिए थोक औषधियों पर भी इसी प्रकार से लागू होंगे।

दवा बनाने वाली कंपनियों द्वारा चलाए जाने वाले रोगी सहायता कार्यक्रमों के अंतर्गत विशिष्ट औषधियां और दवाएं बुनियादी सीमा-शुल्कप से पूरी तरह छूट-प्राप्त हैं, जिसके लिए दवाओं की आपूर्ति रोगियों को नि:शुल्क किया जाना इसकी प्रमुख शर्त है। अब बजट में 13 नए रोगी सहायता कार्यक्रमों के साथ-साथ 37 अन्य दवाओं को इसमें शामिल करने का प्रस्ताव किया गया है।

वित्त मंत्री ने कहा कि इस बजट में इलेक्ट्रिक वाहनों के बैटरी के विनिर्माण के लिए 35 अतिरिक्त पूंजीगत वस्तुओं और मोबाइल फोन बैटरी विनिर्माण हेतु 28 अतिरिक्त पूंजीगत वस्तुओं को छूट-प्राप्त पूंजीगत वस्तुओं की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव किया गया है। इससे मोबाइल फोन और विद्युत चालित वाहनों के लिए लिथियम आयन बैटरी के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा।

वित्तै मंत्री ने कहा कि कोबाल्ट पाउडर व इसके अपशिष्ट और लिथियम-आयन बैटरी, पारा, जिंक तथा 12 अन्य महत्वपूर्ण खनिजों के अवशिष्टस पर पूरी तरह से छूट का प्रस्ताव किया गया है। इससे भारत में विनिर्माण के उद्देश्यढ से इन महत्व पूर्ण घटकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा हमारे देश के युवाओं के लिए और अधिक संख्यास में रोजगार को बढ़ावा देने में सहायता मिलेगी। इससे पहले जुलाई, 2024 के बजट में भी 25 ऐसे महत्वपूर्ण खनिजों पर बीसीडी से पूरी तरह छूट प्रदान की गई थी।

श्रीमती सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि प्रतिस्पर्धी मूल्यों पर तकनीकी वस्त्र उत्पादों जैसे कि कृषि-वस्त्रों, चिकित्सा क्षेत्र के वस्त्रों और भू-वस्त्रों के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्यो से पूरी तरह छूट प्राप्त टेक्स टाइल मशीनरी की सूची में दो अन्य प्रकार के शटल-रहित करघों को शामिल करने की योजना बनाई गई है। उन्हों ने कहा कि नौ टैरिफ लाइनों द्वारा कवर किए गए बुने वस्त्रों पर 10 प्रतिशत अथवा 20 प्रतिशत के बीसीडी दर को संशोधित कर 20 प्रतिशत अथवा 115 रुपए प्रति किलोग्राम, जो भी अधिक होगा उसे करने का भी प्रस्ताव किया गया है। वित्तह मंत्री ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' नीति के अनुरूप, इंटरैक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले (आईएफ्मीडी) पर बीसीडी को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने और ओपन सेल तथा अन्य घटकों पर बीसीडी को कम करके 5 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पहल शुल्क समायोजन संरचना को ठीक करने में सहायक होगी।

वित्तग मंत्री ने कहा कि पोत-निर्माण में मुख्यच गतिविधि शुरू करने से पहले की अवधि लम्बी होती है। ऐसी स्थिति में जलपोतों के विनिर्माण के लिए आवश्यकक कच्चे माल, घटकों, उपभोज्यों अथवा पुर्जों पर अगले दस वर्षों तक बीसीडी से छूट जारी रखने का प्रस्ताव स्वी कृत किया गया है। बजट में पुराने पोतों को तोड़ने (शिप-ब्रेकिंग) को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए भी छूट देने का प्रस्ताव किया गया है।

श्रीमती सीतारमण ने कहा कि वर्गीकरण के विवादों को रोकने के लिए कैरियर ग्रेड इथरनेट स्विच पर बीसीडी को नॉन-कैरियर ग्रेड इथरनेट स्विच के समकक्ष लाने के लक्ष्यो के साथ 20 प्रतिशत से कम करके 10 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया है।

नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025

## राज्य निर्वाचन आयोग की नजर पेड न्यूज पर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के आम चुनावों के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए पेड न्यूज के मामलों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। पेड न्यूज से आशय उन समाचारों से है, जो प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया आदि में विज्ञापन के रूप में नहीं बल्कि एक सामान्य समाचार के रूप में प्रकाशित या प्रसारित होते हैं। ये समाचार किसी विशेष राजनैतिक दल या अभ्यर्थी के पक्ष में होते हैं, जिससे मतदाताओं का झुकाव प्रभावित हो सकता है। इसे स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए बाधक माना गया है।

इस समस्या से निपटने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके तहत पेड न्यूज के मामलों को चिन्हित कर जांच करने हेतु जिला स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। यह समिति चुनावी प्रक्रिया के दौरान मीडिया में प्रसारित होने वाले सभी समाचारों की निगरानी करेगी। सामान्य निर्वाचन के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया टीवी चौनल्स, केबल नेटवर्क एवं रेडियो चौनल पर राजनीतिक विज्ञापन देने के पूर्व अनिवार्य रूप से प्रमाणीकरण कराए जाने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने के लिए लिखित आदेश जारी किया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि राजनीतिक दलों व निर्वाचन अभ्यर्थियों को प्रिंट मीडिया मे विज्ञापनों का प्रमाणीकरण कराने के लिये निर्धारित प्रपत्र में प्रचार-प्रसार सामग्री की सॉफ्ट कॉपी मेन स्क्रिप्ट के साथ निर्वाचन के 48 घंटे पहले प्रस्तुत करनी होगी।

आयोग के इस निर्देश का उल्लंघन होने पर संबंधित राजनीतिक दल अथवा उम्मीदवार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। राजनीतिक विज्ञापनों के संवीक्षा व प्रसारण का प्रमाणीकरण प्रमाण-पत्र जारी करने के लिये जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है। निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त विज्ञापन की विषयवस्तु एवं मेन स्क्रिप्ट का भली भांति परीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इसके प्रसारण से किसी भी व्यक्ति, धर्म, संप्रदाय, जाति या वर्ग विशेष के खिलाफ भड़काऊ भाषा का उपयोग तो नहीं किया गया है। यह भी देखा जाएगा कि विज्ञापन के प्रसारण से आचार संहिता का उल्लंघन तो नहीं हो रहा है।

## सड़क सुरक्षा माह का समापन, विविध स्पर्धाओं के विजयी प्रतिभागियों का हुआ सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दिनांक 31 जनवरी 2025 को सडक सुरक्षा माह के अंतिम दिन कला मंदिर सेक्टर 06 भिलाई में पुरूस्कार एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सर्व प्रथम सु ऋचा मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, (यातायात) के द्वारा अपने प्रतिवेदन में इस एक माह के दौरान जो भी जागरूकता कार्यक्रम जैस-हेलमेट रैली, नुक्कड नाटक, चौक चौराहो पर समझाईस, रंगोली पेटिंग प्रतियोगिता, भारी वाहन चालको का स्वास्थ्य परीक्षण, यातायात जागरूकता 26 जनवरी के दौरान झाकी प्रर्शनीय एवं विभिन्न कार्यक्रम की जानकारी दी गई।

तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि यातायात पुलिस वाहन चालको को लगातार दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने एवं सभी यातायात नियमों के पालन करने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चला रही है परंतु पुलिस के प्रयास के साथ साथ आमजन को भी इस मुहीम का हिस्सा बनना चाहिए एवं उनकी भी जिम्मेदारी है की वाहन चालन के समय यातायात नियमों का पालन करे तभी आप किसी सड़क दुर्घटना से बच सकते है जिस तरह एक पालक को अपने बच्चे को चोट लगने पर तकलीफ होती है इसी प्रकार किसी सडक दुर्घटना में लोगो के घायल एवं फौत होने की सूचना मिलने पर मुझे भी इसी प्रकार तकलीफ महसूस होती है। मै इस जिले के पुलिस अधीक्षक होने नाते आज इस मंच के माध्यम से जिले के सभी रहवासियों से अपील करता हूॅ कि वाहन चलाते समय सदैव यातायात नियमों का पालन करे। इसी कम्र में कार्यक्रम में उपस्थित नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग * चिराग जैन (भापुसे) के द्वारा कहा गया कि स्वयं की सुरक्षा एवं अपनी परिवार की सुरक्षा के लिए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट धारण करे एवं शराब पीकर वाहन कद्यापि न चलाने कहा गया। तेज रफ्तार वाहन चालन न करे यह स्वयं एवं दूसरे की जान को जोखिम न डाले। पुलिस अधीक्षक के उद्बोधन पश्चात रंगोली/पेटिंग में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में से प्रथम से तृतीय स्थान आने वाले छात्र/छात्राओं को पुरूस्कार व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। यातायात पुलिस का विशेष सहयोग के लिए ऑटडाट कॉम भिलाई, स्वयंसिद्धा महिला समूह भिलाई, जन आक्रोश समालिक संस्था, स्पर्श हास्पिटल, पपेट शो टीम, न्यू वेज थेरेपी क्लिनिक, लिण्डे कंपनी, चौहान मारूति, बाफ्ना टोल प्लाजा, ऑटो यूनियन संघ भिलाई, ई रिक्शा संघ दुर्ग, भिलाई रोटरी क्लब, बाला जी ब्लड बैंक, को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। अंत में उप पुलिस अधीक्षक यातायात सदानंद विन्ध्यराज के द्वारा कार्यकम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों नागरिकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

बजट में 12 लाख तक टैक्स में छूट और किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा में बढ़ोत्तरी की घोषणा ऐतिहासिक

## विकसित भारत के संकल्प को मिलेगी नई गति : भावना बोहरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**पंडरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केन्द्रीय बजट में कई अहम व जनता को राहत देने वाली घोषणाएं की है। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के ध्येय को लेकर कार्य कर रही है। मोदी सरकार 3.0 का बजट केंद्रीय वित्तमंत्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने संसद भवन में प्रस्तुत किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा देश के सभी वर्गों के कल्याण को ध्यान में रखकर अमृत काल के इस बजट से सीधे जनता को लाभ मिलेगा। भावना बोहरा ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने भाजपा के अंत्योदय की परिकल्पना को सार्थक एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के गरीब कल्याण व सुशासन को परिलक्षित करते हुए बजट प्रस्तुत किया है। अमृतकाल के इस बजट में केंद्र



सरकार ने देश की महिलाओं, गरीब, किसान, व्यापारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, इन्फ्रास्ट्रक्चर, रक्षा, कृषि, पशुपालन, कौशल विकास, डिजिटल विकास सहित सबसे बड़ी राहत मध्यमवर्गीय परिवार को देते हुए 12 लाख रुपए तक की आय में टैक्स छूट की सुविधा ऐतिहासिक घोषणा है। बजट में सभी क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता के साथ शामिल किया है। वहीं हमारे अन्नदाताओं का सम्मान करते हुए बजट में किसान क्रेडिट कार्ड में ऋण सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए तक करने की घोषणा हमारे देश के 7.7 करोड़ किसान भाई-बहनों के परिश्रम और देश के विकास में उनकी भूमिका के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने वाला निर्णय है। भावना बोहरा ने कहा कि विगत 10 वर्षों में केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी है । पिछले 10 वर्षों में, मोदी सरकार में देश ने विकास का जो रोल मॉडल बनाया और संरचनात्मक सुधारों को किया है उससे पूरे विश्व की निगाह आज भारत की ओर है। वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत बजट में गरीब, युवा, किसान, महिला पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में विकास के उपाय प्रस्तावित किए गए हैं। किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री धन- धन्य कृषि योजना' की शुरुआत की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत कम उत्पादकता, मध्यम फसल सघनता और औसत से कम ऋण मानकों वाले 100 जिले शामिल होंगे। इससे 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलेगी। लघु एवं सूक्षम उद्योग चलाने वाले एमएसएमई के लिए ऋण सीमा को 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये किया गया है जिससे व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा । स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने और हमारे युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ऋण को 10 करोड़ से 20 करोड़ रुपये तक , आत्मनिर्भर भारत के लिए महत्वपूर्ण 27 फोकस क्षेत्रों में ऋण के लिए गारंटी शुल्क को घटाकर 1 प्रतिशत किया गया । अगले 5 साल में मेडिकल कॉलेजों में मेडिकल एजुकेशन में 75 हजार सीटों को बढ़ाया जाएगा। भावना बोहरा ने बताया कि अनुसूचित जाती और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के सशक्तिकरण और 'पहली बार उद्यमी' बनने वालों के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी, जिसके तहत अगले 5 वर्षों के दौरान 2 करोड़ रुपये तक का टर्म लोन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 कार्यक्रम चलाया जाएगा जिसमें योजना के तहत देश भर में 8 करोड़ से अधिक बच्चों, 1 करोड़ गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं तथा आकांक्षी जिलों और पूर्वोत्तर क्षेत्र में लगभग 20 लाख किशोरियों को पोषण संबंधी सहायता मिलेगी। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों के उन्नायाँ और भारत नेट परियोजना के तहत उन्हें डिजिटल बनाने के लिए अगले 5 वर्षों में सरकारी स्कूलों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जाएंगी वहीं ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी कोग्रामीण क्षेत्रों के सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा । घर घर स्वच्छ पेयजल की अपृति के लिए जल जीवन मिशन का विस्तार 2028 तक कराया जा रहा है। ऐसी कई अन्य घोषणाएं हैं जो देश के विकास को नई गति देने के साथ ही जनता की सुविधाओं, आर्थिक सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार, किसानों व कृषि को विस्तार तथा महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए बजट में निहित हैं।

## प्रथम रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया पूर्ण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत आज कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के माध्यम से प्रथम रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। राजनांदगांव जिला अंतर्गत नगर पालिक निगम राजनांदगांव, नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ तथा नगर पंचायत डोंगरगांव, छुरिया एवं लालबहादुर नगर के लिए नगरीय निकायवार ईव्हीएम मशीनों का आबंटन किया गया।




कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया की जा रही है। जिसके माध्यम से निर्वाचन के दौरान पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि ईव्हीएम मशीन की हर एक गतिविधि के दौरान उपस्थित रहे। नगर पालिक निगम राजनांदगांव, नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ तथा नगर पंचायत डोंगरगांव, छुरिया एवं लालबहादुर नगर अंतर्गत 120 वार्डों के 235 मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम के माध्यम से मतदान होगा। 160 मतदान केन्द्रों में दो बीयू का उपयोग किया जाएगा। जिले में कुल 594 बीयू एवं 282 सीयू उपलब्ध है। मतदान हेतु 395 बीयू एवं 235 सीयू का उपयोग होगा तथा 199 बीयू एवं 47 सीयू रिजर्व है। प्रशिक्षण एवं जागरूकता के लिए 39 बीयू एवं 30 सीयू का उपयोग किया जा रहा है। इस दौरान एसडीएम राजनांदगांव एवं रिटर्निंग ऑफिसर खेमलाल वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश्वरी बाघे, नोडल ईव्हीएम एवं डिप्टी कलेक्टर अमिय श्रीवास्तव, डीआईओ संतोष सिंह, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में भाजपा से अरूण शुक्ला, भाजपा से रघुवीर सिंह वाधवा, कांग्रेस से दौलत सिंह चंदेल, कांग्रेस से कमलजीत सिंह पिंटू, बसपा से शिव शंकर सिंह, शिवसेना से कमल सोनी एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि 6 फरवरी 2025 को रेंडमाईजेशन होगा। जिसके अंतर्गत नगरीय निकायों हेतु मतदान केन्द्रों के लिए ईव्हीएम मशीन आबंटित किया जाएगा। 7 फरवरी 2025 को ईसीआईएल से इंजीनियरिंग आयेंगे और कमिशनिंग की जाएगी तथा ईव्हीएम मशीनों को निर्वाचन के लिए तैयार किया जाएगा। नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत 51 वार्डों के 155 मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम के माध्यम से मतदान होगा तथा सभी 155 मतदान केन्द्रों में दो बीयू का उपयोग किया जाएगा।

नगर पालिक निगम राजनांदगांव के लिए 465 बीयू एवं 186 सीयू उपलब्ध है। मतदान हेतु 310 बीयू एवं 155 सीयू का उपयोग होगा तथा 155 बीयू एवं 31 सीयू रिजर्व है। प्रशिक्षण एवं जागरूकता के लिए 25 बीयू एवं 16 सीयू का उपयोग किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ अंतर्गत 24 वार्डों के 35 मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम के माध्यम से मतदान होगा तथा 5 मतदान केन्द्रों में दो बीयू का उपयोग किया जाएगा। नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ के लिए 60 बीयू एवं 42 सीयू उपलब्ध है।

## कोदो, कुटकी व रागी की खरीदी प्रारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा।** छ. ग. शासन के आदेशानुसार वर्ष 2024-25 में गुणवत्तायुक्त कोदो, कुटकी व रागी का क्रय लघु वनोपज संघ द्वारा जिला अंतर्गत जिला यूनियन, कवर्धा द्वारा प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के 46 हाट बाजार केन्द्रों में महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से कोदो, कुटकी व रागी की खरीदी 15 दिसम्बर 2024 से प्रारंभ हो चुकी है। कृषक इन केन्द्रों में दिनांक 15 फरवरी 2025 तक विक्रय कर सकतें हैं।

शासन द्वारा इस वर्ष कोदो-32 रू. प्रति कि.ग्रा., कुटकी-33.50 रू. प्रति कि.ग्रा., रागी-42.90 रू. प्रति कि.ग्रा. निर्धारित किया गया है।

शासन द्वारा इस वर्ष रागी का समर्थन मूल्य 38.46 रू. प्रति कि.ग्रा. से बढ़ाकर 42.90 रू. प्रति कि.ग्रा. किया गया है। धान की कीमत शासन द्वारा 3100 रू. प्रति क्विंटल निर्धारित है वहीं कोदो की खरीदी 3200 रू. प्रति क्विंटल की दर पर होगी। इस प्रकार किसानों को धान की तुलना में कोदो के लिये 100 रू. अधिक लाभ मिलेगा। वनमंडलाधिकारी, कवर्धा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के वनांचल क्षेत्र के कृषकों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने एवं मोटा अनाज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छ.ग. शासन द्वारा निर्धारित दर पर कोदो, कुटकी एवं रागी का क्रय किया जायेगा जिससे ग्रामीणों को औने-पौने दर पर बिचौलियों कों नहीं बेंचना पड़ेगा। इस वर्ष कोदो - 18000 क्विं., कुटकी - 700 क्विं. एवं रागी - 500 क्विं. खरीदी का लक्ष्य निर्धारित है जिसमें अनाज वर्ष 2024 का ही होना चाहिए। कृषक अनाज से अवांछनीय पदार्थ यथा मिट्टी, पत्थर, कचरा साफ करके विक्रय करेंगे। कृषकों से प्रति एकड़ कोदो-रागी 3.50 क्विंटल तथा कुटकी 2 क्विंटल क्रय किया जावेगा। दिनांक 30.01.2025 तक कुल 4430.78 क्विंटल मिलेट्स का संग्रहण हो चुका है। वनमंडलाधिकारी, कवर्धा ने कृषकों से अपील है कि वे ''एकीकृत किसान पोर्टल'' में पंजीयन करावें तथा विक्रय के समय बी-1, राशन कार्ड साथ में लेकर आये।





















## खास खबर



### बीजापुर में फिर एक मुठभेड़ : सुरक्षाबलों ने 8 नक्सलियों को मार गिराया, हथियार भी बरामद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक और मुठभेड़ हुई है। शनिवार को मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 8 नक्सलियों को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के शव भी बरामद कर लिए हैं। वहीं मौके से हथियार भी बरामद किए हैं। कुछ दिन पहले गरियाबंद जिले के कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी जंगल में 14 नक्सली मारे गये थे। वहीं, सीआरपीएफ के कोबरा यूनिट का एक जवान भी घायल हुआ था। 14 नक्सलियों के शव और हथियार बरामद कर किए गए।

मिली जानकारी के अनुसार बीजापुर जिले के गंगालुर थाना क्षेत्र के तोड़का इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए हैं। बताया जा रहा है कि मारे गए सभी नक्सलियों के शव जवानों ने बरामद कर लिए हैं। वहीं रुक रुककर फायरिंग की खबर है। मौके से सुरक्षाबलों ने हथियार भी बरामद किए हैं। सुरक्षाबलों के वापस लौटने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### तेंदुए के हमले से बुजुर्ग की मौत, इलाके में दहशत

**धमतरी।** जिले में तेंदुए के हमले का मामला सामने आया है जिसमें एक बुजुर्ग की मौत हुई है। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के मुताबिक, तेंदुआ सड़क किनारे सो रहे बुजुर्ग को घसीटकर जंगल ले गया और उसे मौत के घाट उतार दिया. यह घटना मगरलोड इलाके के ग्राम बेन्द्राचुआ गांव की है।

सिंगपुर वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक सोनारिन दैहान निवासी 62 वर्षीय मनराखन ध्रुव सड़क किनारे आराम कर रहा था, तभी तेंदुआ आ धमका. तेंदुआ बुजुर्ग को सड़क से घसीटते हुए जंगल की ओर ले गया और मौत के घाट उतार दिया. घटना की सूचना के बाद उत्तर सिंगपुर वन परिक्षेत्र के अधिकारी और मगरलोड पुलिस मौके पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### ड्राइवर ने की पेट्रोल छिड़ककर आत्महत्या करने की कोशिश

**राजनांदगाव।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर स्थित पाटेकोहरा राज्य परिवहन बैरियर पर ट्रक ड्राइवर से मारपीट का मामला सामने आया है। दरअसल, ड्राइवर ने बैरियर पर अवैध वसूली और मारपीट करने का आरोप लगाकर विरोध किया। इसके बाद वाहन चालक ने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आत्महत्या करने का प्रयास किया। वहां वाहन चालकों की भारी भीड़ उमड़ गई। इसके चलते दो घंटे तक जाम लग गया। बताया गया कि चालक के साथ मारपीट की गई है, जिससे उसके नाक से खून निकल रहा है। शरीर के अन्य अंगों में भी चोट के निशान मिले हैं। मारपीट से क्षुब्ध होकर चालक खुद पर पेट्रोल डालकर आत्महत्या का प्रयास कर रहा था। बता दें कि बैरियर से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। इनसे नियमित शुल्क के अलावा चालकों से अवैध वसूली की शिकायत भी आम बात हो गई है।

### छात्र की मौत, ट्रक ने रौंदा

**जांजगीर-चांपा।** जिले के ग्राम बनाहिल में सड़क हादसे में 12 साल के छात्र की मौत हो गई। जब छात्र ओम प्रकाश केवट स्कूल से लौट रहा था तभी तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया, अकलतरा थाना क्षेत्र की घटना है। पुलिस के मुताबिक, हादसे के तुरंत बाद घायल छात्र को सीएचसी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, वही गुस्साए ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया।

घटना के विरोध में ग्रामीणों और मृतक के परिजनों ने बिलासपुर-अकलतरा मुख्य मार्ग पर प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रास्ते पर सैकड़ों भारी वाहन तेज गति से गुजरते हैं और सड़क की स्थिति भी खराब है। ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा और क्षेत्र में बाईपास सड़क के निर्माण की मांग की है। पुलिस और नायब तहसीलदार चंद्रकांत साहू के हस्तक्षेप के बाद चक्का जाम खत्म किया गया।

# छत्तीसगढ़ में बर्ड फ्लू, रायगढ़ जिले में 5 हजार मुर्गियां व 12 हजार चूजे को मार कर दफनाए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बर्ड फ्लू ने दस्तक दी है। रायगढ़ जिले में शुक्रवार रात सरकारी पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू का मामला सामने आया। इसके बाद आनन फानन में प्रशासन अलर्ट पर आया और रातो रात यहां की 5 हजार मुर्गियों, 12 हजार चूजों को मारकर दफनाया गया। यही नहीं 17 हजार अंडों को भी नष्ट किया गया है। बर्ड फ्लू की खबर मिलते ही सरकार भी अलर्ट हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य में बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए रेपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। राज्य एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम का गठन करते हुए सभी कलेक्टरों और पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को एहतियाती कदम उठाने, सतर्कता बरतने और बायोसेक्युरिटी निर्देशों का पालन के निर्देश भी दिए गए हैं।

## सीएम साय ने अफसरों को दिए निर्देश



मिली जानकारी के अनुसार गौरतलब है कि प्रदेश के रायगढ़ जिले स्थित शासकीय कुक्कट पालन प्रक्षेत्र में बर्ड फ्लू (एवियन एनफ्लूएंजा) के मामले की पुष्टि हुई है। 30 जनवरी 2025 को कुक्कट पालन प्रक्षेत्र में बड़ी संख्या में पक्षियों की अकस्मिक मृत्यु की सूचना के बाद, पशु चिकित्सकों की एक टीम गठित की गई थी। जांच के बाद राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान, भोपाल ने 31 जनवरी 2025 को बर्ड फ्लू वायरस की पुष्टि की है। बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने रात 11 बजे आपातकालीन बैठक बुलाई। रात 11 से साढ़े 12 बजे तक एसपी, सीईओ, नगर निगम आयुक्त समेत पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पोल्ट्री फार्म की सारी मुर्गियों, चूजों, अंडों और कुक्कुट आहार को तत्काल नष्ट करने का फैसला लिया गया।

पोल्ट्री फॉर्म की मुर्गियों, चूजों और अंडों को नष्ट करने की तैयारी की गई। इसके लिए मुर्गियों और चूजों को मारकर जमीन में दफनाया गया। पोल्ट्री फार्म परिसर में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जेसीबी से गड्ढा खोदकर उसमें नमक और चूने की लेयर बिछाकर मुर्गियों और चूजों को दफनाया गया। इसी प्रकार अंडों को भी नष्ट किया गया, जिससे संक्रमण न फैले। संचालक पशु चिकित्सक सेवाएं के निर्देश पर बर्ड फ्लू के रोकथाम के लिए रायगढ़ जिले में प्रभावित कुक्कट पालन प्रक्षेत्र के 1 किलोमीटर क्षेत्र को इन्फेक्टेड जोन घोषित कर कुक्कट, अंडे, आहार और अन्य सामग्रियों का विनिष्टीकरण किया गया है। प्रभावित क्षेत्र के 1 से 10 किलोमीटर के दायरे को सर्वलेंस जोन घोषित कर पोल्ट्री और अंडे की दुकानों को बंद कर दिया गया है और सीरो सर्वलेंस कार्य शुरू कर दिया गया है। जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा कुक्कुट पालकों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर मुआवजा देने के निर्देश भी दिए गए हैं। रायगढ़ कुक्कुट प्रक्षेत्र में इन्फेक्टेड जोन से पोल्टी प्रोडक्ट की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को पर्सनल प्रोटेक्शन इक्यूपमेंट किट का उपयोग भी करने कहा गया है।

संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा आम जनता से अपील की है कि वे घबराएं नहीं, क्योंकि संक्रामित क्षेत्र में सभी आवश्यक कार्रवाई की जा चुकी है। पोल्ट्री उत्पादों का सेवन स्वच्छता और सावधानी से किया जा सकता है, क्योंकि ये पोषण से भरपूर होते हैं और कुपोषण दूर करने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया है कि राज्य के अन्य हिस्सों में बर्ड फ्लू के मामलों की कोई सूचना नहीं मिली है। एवियन एनफ्लूएंजा एक घातक संक्रामक रोग है, जो पक्षियों में फैलता है। हालांकि अब तक भारत में इस वायरस के मानवों में संक्रमण का कोई मामला नहीं देखा गया है। फिर भी वायरस के लक्षण और संक्रमण के जोखिम को लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

## पुलिस की रेड, कई संदिग्ध जोड़े पुलिस हिरासत में

दुर्ग। इस्पात नगरी भिलाई के कानपुरी कॉलोनी में एक बार फिर पुलिस ने दबिश दी है। इलाके के पारिजात अपार्टमेंट में कई संदिग्ध जोड़ों के मौजूद होने की सूचना के बाद पुलिस मा छापा मारा। पुलिस ने यहां से 32 लोगों को हिरासत में लिया है। इनमें 4 लड़कियां भी शामिल है। फिलहाल पुलिस सभी लोगों से पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को यह सूचना मिली थी कि कानपुरी कॉलोनी के पारिजात अपार्टमेंट में कई जोड़े बिना वेरीफिकेशन के रह रहे हैं। इसके बाद पुलिस की टीम ने रविवार सुबह 5 बजे मौके पर दबिश दी। इस टीम में एसएसपी-सीएसपी के साथ कई थानों से प्रभारियों शामिल थे। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कई संदिग्ध जोड़ो को भी पकड़ा। 4 लड़कियों सहित 32 लोगों हिरासत में लिया। बता दें कि पारिजात अपार्टमेंट में इस तरह की कार्रवाई पहली बार नहीं हुई है। साल भर पहले भी ऐसी ही कार्रवाई हुई थी।



# सनकी युवक ने 8वीं कक्षा की छात्रा को बेरहमी से मारा, कमरे में ले जाकर कर दी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मनेंद्रगढ़।** छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक 8वीं की छात्रा की सनकी युवक ने हत्या कर दी। युवक छात्रा से एक तरफा प्यार करता था और स्कूल से लौटते समय खाली मकान में ले जाकर उसकी हत्या कर दी। घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जल्द ही पुलिस मामले का खुलासा कर सकती है। मामला मनेंद्रगढ़ थाना क्षेत्र के लोको कॉलोनी का है।



मिली जानकारी के मुताबिक मृतक छात्रा का नाम नैंसी गौतम (14) है, जो कक्षा आठवीं में पढ़ाई करती थी। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह 8 बजे नैंसी गौतम स्कूल गई। 12 बजे उसकी छुट्टी हो जाती है और वह लौट आती थी। दो बजे तक घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने तलाश की। कहीं पता नहीं चला तो परिजन पुलिस के पास पहुंचे। इस बीच छात्रा के परिचित का मैसेज लोको कॉलोनी के एक मकान में नैंसी को किसी ने मारकर फेंक दिया है।

इसके बाद परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। गला घोंटने और लोहे के रॉड से वार करने के निशान मिले हैं। घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस को वीरेंद्र कुमार (24) के बारे में पता चला। जांच में यह बात सामने आई कि वीरेन्द्र कुमार की छात्रा से पहले की जान पहचान थी। इसके बाद उसे हिरासत में लिया गया। पुलिस की पूछताछ में उसने अपना अपराध कुबूल कर लिया है। पुलिस जल्द ही इस मामले का खुलासा करने वाली है।

# किसान से मोबाइल लूटने वाले बिहार के दो आरोपी गिरफ्तार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** पाटन रोड ढौर चौक के पहले किसान का मोबाइल लूटने वाले बिहार के दो आरोपियों को उतई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोटरसाइकिल एवं लूटा हुआ मोबाइल बरामद कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

प्रार्थी त्रिभुवन साहू निवासी ग्राम ढौर में उतई थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह खेती किसानी का काम करता है। 29 जनवरी को वह सेलुद में वायसर लेने के लिए गया हुआ था। वहां से वह अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07बी वी 9842 से वापस अपने घर ढौर लौट रहा था। दोपहर लगभग 2 बजे पाटन रोड ढौर चौक के पहले पहुंचा था कि अचानक मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 बी क्यू 7916 पर सवार होकर दो आरोपी आए और अपनी मोटरसाइकिल को प्रार्थी की मोटरसाइकिल में टिका दिए। इससे अनियंत्रित होकर प्रार्थी मोटरसाइकिल सहित रोड पर गिर गया। इसके बाद दोनों आरोपी प्रार्थी से बोले कि तुम्हारे पास जो भी सामान हो उसे हमें दे दो। प्रार्थी ने कहा कि उसके पास कुछ नहीं है, तो एक लड़के ने प्रार्थी के जेब में रखे 14000 रुपए कीमत के मोबाइल को लूट लिया और दोनों भी तेजी से ढौर गांव की ओर भाग निकले थे। घटना की जानकारी मिलते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने लूट के आरोपियों को जल्द से जल्द पकडने के निर्देश दिए थे। उतई थाना प्रभारी विपिन रंगारी के नेतृत्व में पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी।

संदेह के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेही नीरज कुमार सरदार एवं रामरतन यादव जो कि गुरु कृपा फ्रिड्स मिल ग्राम ढौर में काम करते और वही रहते हैं को पूछताछ में लिया। पूछताछ में नीरज कुमार सरदार एवं राम रतन कुमार यादव दोनों निवासी बिहार ने अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि वह अपने ठेकेदार नीतीश यादव की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 बी क्यू 7916 को मांग कर दुर्ग घूमने गए हुए थे। दोपहर में वह वापस आ रहे थे तब उन्होंने देखा कि यह व्यक्ति मोटरसाइकिल से अकेले जा रहा था। सुनसान होने का फायदा उठाकर इन दोनों ने लूट की योजना बनाई और गाड़ी को ओवरटेक कर मोटरसाइकिल को रोका था।

# मानव तस्करी का खुलासा, कर्नाटक से दो नाबालिग बच्चियां बरामद, ऐसे हुआ पर्दाफाश



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** जशपुर जिले के एक परिवार की मासूम बच्चियां अचानक गायब हो गईं। जब पुलिस ने जांच शुरू की, तो इस मामले के पीछे छिपी एक खौफनाक सच्चाई सामने आई। यह एक सुनियोजित मानव तस्करी का मामला था। बागबहार थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले किसान दंपति रोज की तरह जंगल में अपनी बकरियां चराने गए थे। लेकिन जब वे शाम को लौटे, तो उनकी 15 वर्षीय बेटी और 15 वर्षीय भतीजी घर से लापता थीं। परिवार ने गांवभर में खोजबीन की, लेकिन बच्चियों का कोई पता नहीं चला। गांववालों से पूछताछ के बाद पता चला कि मनीराम नामक व्यक्ति, जो टांगरगांव का रहने वाला था, बच्चियों को काम दिलाने के बहाने कर्नाटक ले गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक विशेष पुलिस टीम बनाई गई। टेक्निकल सर्विलांस और मुखबिरों की मदद से पुलिस को पता चला कि दोनों नाबालिग लड़कियां कर्नाटक के गुलमर्ग जिले में हैं। बिना देर किए, पुलिस टीम कर्नाटक रवाना हुई और ग्राम मादरी, थाना जयमर्गी से दोनों लड़कियों को सुरक्षित बरामद कर लिया। यही नहीं, वहां जशपुर की ही दो और लड़कियां भी मिलीं, जिन्हें बहला-फुसलाकर वहां लाया गया था। पुलिस ने चारों बच्चियों को बचाकर जशपुर लाने में सफलता हासिल की।

आरोपी मनीराम पिता अगरसाय (32 वर्ष) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उसने कबूल किया कि वह बच्चियों को काम दिलाने के बहाने कर्नाटक लेकर गया था, लेकिन उनके परिवारों को इसकी कोई जानकारी नहीं थी। इस ऑपरेशन में थाना प्रभारी सरोज टोप्पो, निरीक्षक हरिशंकर राम, प्रधान आरक्षक अरविंद साय पैंकरा और आरक्षक यशवंत कुजूर की अहम भूमिका रही।

### रेलवे स्टेशन में महिला मालगाड़ी की चपेट में आई, हालत गंभीर

**जांजगीर चांपा।** जिले के नैला रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। शनिवार रात हुए हादसे में उनका दायां पैर कट गया और चेहरे पर हल्की चोटें आई है। जानकारी के मुताबिक, प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर खड़ी मालगाड़ी के बीच से महिला दूसरे प्लेटफॉर्म की तरफ जा रही थी। इसी दौरान अचानक मालगाड़ी चल पड़ी और महिला का दायां पैर ट्रेन के पहिए के नीचे आ गया। हादसे के बाद महिला को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायल महिला सारखो की रहने वाली है और नैला रेलवे स्टेशन पर भीख मांगकर अपना जीवन यापन करती है। रेलवे अधिकारियों ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है।

### डीजल चोर पर पुलिस ने रखा 5 हजार का ईनाम

**कोरबा।** वाहनों में सिक्योरिटी पास लगाकर कोयला खदान से डीजल चोरी करने वाले गिरोह का सरगना एक माह से फरार है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए अब 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। दीपका पुलिस की टीम ने करीब एक माह पहले एसईसीएल के कोयला खदानों से सिक्योरिटी पास लगे वाहनों में घुसकर डीजल चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ा था। मामले में 7 आरोपी पकड़े गए थे। चोरी में प्रयुक्त दो बोलेरो समेत चोरी की गई 2345 लीटर डीजल बरामद की गई थी। वहीं गिरोह का सरगना नवीन कश्यप (32) निवासी शांतिनगर-बांकीमोंगरा फरार हो गया था। उसके घर समेत संभावित ठिकानों पर दबिश देकर खोजबीन की गई, लेकिन एक माह बाद भी वह नहीं पकड़ाया। ऐसे में एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने फरार आरोपी नवीन कश्यप के खिलाफ 5 हजार रुपए इनाम की घोषणा की। जो व्यक्ति सूचना देकर उसकी गिरफ्तारी में सहयोग करेगा, उसे पुलिस विभाग की ओर से इनाम दिया जाएगा। दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू के मुताबिक मामले में फरार आरोपी से जुड़ी अहम सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

**Urgent Requirements**

**Profile:** Senior Accountant.Job
**Types:** Full-time, Permanent,
**Experience:** 5-8 years. Pay: 20,000.00 - 40,000.00 per month
**Working Time:-** 10.00am To 7.00Pm
**Qualification:** Bachelor's in Accounting/Finance (CA/CPA/MBA preferred).

**Cont. No. 6232 926 014**

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

राकेश ट्रेडर्स
राकेश ट्रेडर्स जो चर्च के पास था वह आगे चला गया है पिछले दस वर्षो से
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Swami Aatmanad School, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

# केंद्रीय बजट भारत के सुनहरे भविष्य का दस्तावेज : मुख्यमंत्री साय

**किसान,युवा,महिला के साथ मध्यम वर्ग और श्रमिक वर्गों के उत्थान के लिए यह बजट ऐतिहासिक**

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज संसद में पेश केंद्रीय बजट 2025-26 पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस बजट से मोदी जी का वह वचन फिर से पूरा हुआ है कि जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हे मोदी जी पूजते हैं। समाज के मध्यम वर्ग और श्रमिक वर्गों के उत्थान के लिए यह बजट ऐतिहासिक और क्रांतिकारी होगा। यह भारत के सुनहरे भविष्य का दस्तावेज है। स्वतंत्र भारत के इतिहास के चंद ऐतिहासिक बजटों में से यह एक है। श्री साय ने कहा कि जो प्रावधान इस बजट में किए गए हैं वो केवल प्रधानमंत्री श्री मोदी ही कर सकते हैं। इस बजट ने सिद्ध कर दिया है कि आने वाला समय भारत का है और भारत का स्वर्णिम युवा युग शुरू हो गया है। भारत अब विश्व का नेतृत्व करेगा यह तय हो गया है।

आज पेश हुआ यह बजट एक ऐतिहासिक बजट है, जिसे भारत देश में हमेशा याद रखा जाएगा। देश के टैक्स पेयर और मध्यम वर्ग का सम्मान करते हुए मोदी सरकार ने एक ऐसा निर्णय लिया है जिसकी कल्पना भी लोगों को नहीं थी, पूर्व की सरकार में जहां 2 लाख रुपए की आय पर टैक्स लगता था, मोदी जी की सरकार में 12 लाख रुपए तक कोई टैक्स नहीं लगेगा।

### किसानों के संबंध में प्रावधान

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मोदी सरकार ने इस बजट में किसानों के उत्थान के लिए दूरगामी नीतियाँ बनाई हैं। इस बजट में कृषि की उत्पादकता बढ़ाने, दालों के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने, किसानों के लिए यूरिया फैक्ट्री लगाने और किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने के निर्णय किसानों की तरक्की के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।



### व्यापार उद्योग एवं रोजगार

देश के व्यापार-उद्योग को बढ़ावा देने एवं बड़ी संख्या में रोजगार के सृजन के प्रावधान इस बजट में मौजूद हैं। एमएसएमई को लोन की सीमा 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रूपए करने का निर्णय, स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ का फंड देने एवं अब मेक इन इंडिया के साथ मेक फॉर वर्ल्ड का अभियान भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय साबित होगा। 22 लाख श्रमिकों के लिए लेदर स्कीम, एक करोड़ वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा और भारत को खिलौनों का ग्लोबल हब बनाने का निर्णय देश के युवाओं के लिए रोजगार के अनेकों अवसर पैदा करने जा रहा है।

### स्वास्थ्य संबंधी निर्णय

भारत के लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए कैंसर व अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज की जीवन रक्षक दवाइयों को पूरी तरीके से टैक्स में छूट दे दी गई है, साथ ही कैंसर के लिए 200 केयर यूनिट भी बनाई जाएंगी ।ऐसे संवेदनशील निर्णय पर हम मोदी सरकार का धन्यवाद करते हैं। आधारभूत संरचना के लिए राज्यों को डेढ़ लाख करोड़ रुपए दिए जाने का निर्णय राज्यों की आधारभूत संरचना को मजबूत करने वाला प्रशंसनीय निर्णय है। साथ ही 1 लाख करोड़ का फंड अर्बन डेवलपमेंट के लिए मिलने से शहरों का विकास होगा।

आदिवासी एवं दलित महिलाओं को 5 लाख तक के लोन का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट देश के किसानों, युवाओं, महिलाओं को समर्पित बजट है। देश में रोजगार की नई संभावनाओं का सृजन होगा। भारत के विकसित भारत बनने की दिशा में इस बजट के प्रावधान बेहद मददगार साबित होंगे। देश की आधारभूत संरचना मजबूत होगी। देश के हर वर्ग के लिए बजट में प्रावधान है। यह भारत की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाला बजट है।

# संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज आध्यात्मिक चेतना के पुंज- सीएम साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज आध्यात्मिक चेतना के पुंज थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हमेशा आचार्य जी से आशीर्वाद लेते थे, उनसे प्रेरणा ग्रहण करते थे। हम सबका सौभाग्य है कि आचार्य जी ने हमेशा हमें प्रेरित किया। यह छत्तीसगढ़ की भूमि धन्य है कि जिसे आचार्य जी ने इतना प्रेम दिया और संलेखना के लिए प्रदेश की इस धरती को चुना। आज उनकी समाधि स्मृति महोत्सव में दर्शन पाकर सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूँ। मेरी प्रार्थना है कि छत्तीसगढ़ के ऊपर उनका आशीर्वाद हमेशा बना रहे, प्रदेश में सदैव खुशहाली हो।




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरि तीर्थस्थल में जैनाचार्य विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव में सम्मिलित हुए और समाधि के दर्शन किये जहाँ देशभर से पहुंचे अनुयायियों को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही।

श्री साय ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ वासियों का परम सौभाग्य है कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने धर्मचर्या के लिए अपने यशस्वी जीवन का लम्बा समय डोंगरगढ़ के चंद्रगिरि तीर्थस्थल में व्यतीत किया। आचार्य जी के विचार और उनका जीवन-दर्शन हम सबको प्रेरणा देते रहेंगे। जैनाचार्य विद्यासागर जी महाराज ने समाज को सत्य, अहिंसा और परमार्थ के मार्ग में चलने के लिए एकजुट किया। बाबा जी का जीवन सर्वजन के लिए अनुकरणीय है।

सीएम साय ने कहा कि आचार्य जी के धार्मिक विचार तो प्रेरित करते ही हैं, भारत के प्रति उनकी सोच भी अनुकरणीय है, जिन्होंने देश के करोड़ों लोगों को प्रभावित किया है। उन्होंने राष्ट्रहित को हमेशा सर्वोपरि रखा। अपने संदेश से उन्होंने भारत की एकता को लगातार मजबूत करने का काम किया। उनका स्पष्ट मत था कि भारत में भारतीय शिक्षण पद्धति लागू हो और लोगों के बीच बातचीत के लिए भारतीय भाषा में व्यवहार हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से उनके विचारों को मूर्त रूप देने का प्रयास किया है। आज हमारी शिक्षा पद्धति भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से जुडी हुई है। हमें इस बात कि हार्दिक खुशी है कि आचार्य जी के जीवनकाल में उनका यह स्वप्न मूर्त रूप ले सका।

महोत्सव में पूज्य मुनि संतसागर जी महाराज, देशभर से आए मुनिगण, साध्वीगण, अनुयायी एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# ईवीएम सहित निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने मतदान दलों को मिला प्रशिक्षण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के दिशा निर्देशन में नगरीय निकाय आम निर्वाचन के तहत मतदान दलों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक सहित अन्य स्थानों पर मतदान दलों को ईवीएम संचालन व निर्वाचन प्रक्रिया की सफलता पूर्वक संपन्न कराने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स ने पीठासीन अधिकारियों व मतदान कर्मियों को बैलेट यूनिट, सेंट्रल यूनिट, कंट्रोल यूनिट के संचालन की विस्तृत जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान मतदान प्रक्रिया में बरती जाने वाली सावधानियां, विभिन्न मत पत्रों, लिफाफों व मत अभिलेखों में प्रविष्टियों के सही तरीके से विशेष ध्यान दे कर पूर्ण करने की बात कही।

इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी मनोज कुमार बंजारे ने प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण किया और मतदान कर्मियों को सफलतापूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने हेतु प्रेरित किया।

अपर कलेक्टर ने कहा कि ईवीएम मशीन के सही संचालन का प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है, ताकि मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न हो। उन्होंने मतपत्र लेखा, पीठासीन अधिकारी की डायरी, परिनियत व अपरिनियत लिफाफों में प्रविष्टियां सावधानीपूर्वक करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी मतदान कर्मियों को डाक मतपत्र के लिए अनिवार्य रूप से आवेदन करने की भी सलाह दी। प्रशिक्षण के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए मतदान कर्मियों को सक्रिय व प्रेरित किया गया।

# युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए गुणवत्ता पूर्ण भोजन, शिक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सब की प्राथमिकताः रमेन डेका

## ऊर्जा से भरे प्रतिभाशाली युवाओं के सहयोग से होगा विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। देश के लगभग 30 करोड़ बच्चे और युवा विभिन्न स्तरों पर शिक्षा प्राप्त कर रहें हैं। इस समूह के उज्जवल भविष्य के लिए गुणवत्ता भोजन, शिक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी की प्राथमिकता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू कर पूरे देश में शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम खोले गए हैं, जिसमें डिग्री के साथ कौशल विकास को प्राथमिकता दी गई है। भारत को 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। यह उद्गार राज्यपाल रमेन डेका एवं कुलाधिपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर ने विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह में व्यक्त किये।**






राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 10 वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने से पूर्व विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री राम विचार नेताम और इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजिनियरिंग एण्ड बायोटेक्नोलॉजी, नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक डॉ. वांगा शिवा रेड्डी विशेष रूप से उपस्थित थे।

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के सभागार में आयोजित भव्य एवं गरिमामय दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 तक उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पदक एवं उपाधियां वितरित की गई। मेधावी विद्यार्थियों को 16 स्वर्ण, 18 रजत एवं 4 कांस्य पदक प्रदान किए गए। साथ ही लगभग 4200 विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन और पी.एच.डी की उपाधि प्रदान की।

कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में राज्यपाल रमेन डेका ने उपाधि और पदक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपने अपनी कड़ी मेहनत से अध्ययन कर ये मेडल प्राप्त किए हैं। आपके जीवन की यह अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपने इस विश्वविद्यालय में जो शिक्षा प्राप्त की है, उसका उपयोग आप समाज एवं देश के कल्याण एवं विकास के लिए करेंगे तथा दूसरों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कृषि की महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि दुनिया में युद्ध समाप्त होगा लेकिन खाद्य सामग्री की हमेशा जरूरत पड़ेगी। उन्होंने डॉ स्वामीनाथन के योगदानों का जिक्र किया श्वेत क्रांति से दूध के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की बात कही। उन्होंने कहा कि अब नीली क्रांति का दौर है और आज मत्स्य पालन में देश काफी आगे बढ़ चुका है। भूटान और ताइवान प्रवास के दौरान कृषि कार्य से जुड़े कुछ रोचक तथ्यों को साझा किया। उन्होंने कहा कृषि एक शानदार व्यवसाय है और इससे जुड़कर भी हम देश के विकास में अपना योगदान दे सकते है। कृषि में असीम संभावनाएं है और युवा पीढ़ी को इसे समझकर इससे जुड़ना होगा। उन्होंने जय जवान जय किसान जय विज्ञान का उल्लेख करते हुए कहा कि विज्ञान से जुड़कर ही हम कृषि को उन्नत बना सकते है।

श्री डेका ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना प्रस्तुत की है एवं हम सबको इसे प्राप्त करने के लिए लगातार कार्य करना है। वर्तमान में हम सभी प्रकार के भोजन, अनाज, तिलहन, सब्जी, फल, दूध, मांस, मछली आदि के साथ लगभग 1000 मिलियन टन भोजन का उत्पादन कर रहे हैं। वर्ष 2047 तक इसे 1500 मिलीयन टन तक बढ़ाना होगा। यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। बदलते मौसम एवं बाजार के उतार चढ़ाव से कृषि में जोखिम बढ़ गया है। श्री डेका ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि ऐसी तकनीक का विकास करें जिससे किसानों की लागत कम हो एवं आय बढ़े। हमें प्राकृतिक खेती एवं दलहन, तिलहन के उत्पादन पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश के कुल वर्कफोर्स की संख्या का 45 प्रतिशत भाग अभी भी कृषि में लगा हुआ है एवं इस वर्कफोर्स के जीवन यापन को ऊपर उठाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। कम ऊर्जा की आवश्यकता वाले छोटे-छोटे कृषि यंत्र विकसित करे जिससे कृषि में लागत, मानव श्रम एवं विशेष रूप से महिलाओं की मेहनत कम हो सके। कृषि के क्षेत्र में लोगों को बनाए रखना आज एक बड़ी चुनौती है। कृषि कार्य को आसान बनाना एवं उनकी आय बढ़ाना हमारा प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में भारत में सर्वाधिक जनसंख्या युवाओं की है। देश एवं प्रदेश की प्रगति में भी युवा शक्ति का भी उल्लेखनीय योगदान है। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि आप मुझे देश के 100 ऊर्जावान युवा दे दें, मैं देश के भविष्य को बदल दूंगा। आज भारत के पास ऊर्जा से भरी युवाओं की पीढ़ी है, निश्चय ही हम स्वामी विवेकानंद जी के सपनों को पूरा करने की दिशा में सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रहे है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है और इसे पूरा करने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं। विकसित भारत के साथ ही विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए हमने विजन डॉक्यूमेंट बनाया है। ऊर्जा से भरे प्रतिभाशाली युवाओं के बूते निश्चित ही हम विकसित छत्तीसगढ़ के सपनों को मूर्त रूप प्रदान करेंगें।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आधुनिक युग विज्ञान एवं तकनीक का युग है। आपने जो ज्ञान अर्जित किया है, उस ज्ञान एवं तकनीक का उपयोग समाज के हित में, देश एवं प्रदेश के विकास में करने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़वासियों की आकांक्षाओं और सपनों को पूरा करने के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करें और विकसित छत्तीसगढ गढ़ने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। रायपुर में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से हम अपने प्रदेश में कृषि विकास को नई ऊंचाइयों पर स्थापित करेंगे। कृषि वैज्ञानिकों और उद्यमियों की सहभागिता से हम किसानों के जीवन को खुशहाल और समृद्ध बनाएंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि एक वैज्ञानिक अपनी सोच और काम से देश को कितना बदल सकता है इसका उदाहरण कृषि वैज्ञानिक डा. एमएस स्वामीनाथन के जीवन में हम देख सकते हैं। डा. एमएस स्वामीनाथन ने देश में हरित क्रांति लाई। उन्होंने देश को खाद्य सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भर बनाया। जिससे अब भारत को विदेशों से गेंहूं आयात के लिए मुंह नहीं ताकना पड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा कृषि क्षेत्र के विकास को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। उन्होंने हमेशा नवाचारों, अनुसंधानों और उद्यमिता के विकास को प्रोत्साहित और प्रेरित किया है। हमारे युवा सकारात्मक ऊर्जा से भरे हैं। उनके पास नये विचार हैं। हमें उन्हें प्रोत्साहित करना है। सुविधाएं उपलब्ध करानी हैं और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करना है। मुझे इस बात की खुशी है कि विश्वविद्यालय कैंपस में इसके लिए बहुत अच्छा वातावरण आप लोगों ने उपलब्ध कराया है। जीवन में नई संभावनाओं को प्राप्त करने के लिए शिक्षा बेहद आवश्यक है। हमारा देश अपनी शिक्षा व्यवस्था की वजह से ही विश्व गुरु रहा है। हमें अपनी शिक्षा संस्थाओं को लगातार बेहतर करना होगा ताकि एक बार पुनः भारत वैश्विक शिक्षा का केंद्र बन सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न फसलों की 160 से अधिक किस्में और 100 से अधिक उन्नत कृषि तकनीक विकसित की गई है। दुनिया जलवायु परिवर्तन के खतरों से जूझ रही है और इसका सबसे अधिक असर कृषि क्षेत्र पर पड़ेगा। यह खुशी की बात है कि कृषि विश्वविद्यालय के अनुसंधान केंद्रों के वैज्ञानिक जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने वाले बीज तैयार कर रहे हैं। विश्वविद्यालय का बलरामपुर से लेकर सुकमा तक कृषि महाविद्यालय, अनुसंधान केन्द्र और कृषि विज्ञान केन्द्र का मजबूत नेटवर्क है जिनकी सहायता से विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ राज्य में कृषि विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कृषि को राज्य की उन्नति का उत्प्रेरक मानते हुए इस विश्वविद्यालय को देश की दूसरी हरित क्रांति का अग्रदूत बनाने का संकल्प लें। अनुसंधान केंद्रों में हो रही अच्छी रिसर्च का पूरा लाभ के लिए इन्हें किसानों तक पहुंचाना होगा। छत्तीसगढ़ के कृषि विश्वविद्यालय में धान के 23,250 जर्मप्लाज्म हैं, जो कि विश्व में दूसरी नम्बर की सर्वाधिक संख्या है। इसके अतिरिक्त अन्य फसलों की लगभग 6000 किस्में विश्वविद्यालय में संग्रहित हैं। कृषि विश्वविद्यालय एक फसली क्षेत्र को बहुफसली क्षेत्र में परिवर्तित करने, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आय एवं रोजगार के अवसर बढ़ाने हेतु सतत् प्रयत्नशील है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950